www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

मौसम
अधिकतम तापमान 35.c
26.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 90.790g
चांदी 91.500 kg

2 बिखराव की राह पर पाकिस्तान, जिसकी नींव केवल भारत-हिंदू विरोधी घृणा पर केंद्रित

घर में घुसकर दबंगों ने की मारपीट, जेवर- मोबाइल लूटे 04

वर्ष :08 | अंक :268 | मुंबई, शुक्रवार, 21 मार्च, 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## बाड़मेर जिले में सड़क हादसे में दो युवक जिंदा जले: पुलिस

राजस्थान के बाड़मेर जिले के शिव थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई व तीन अन्य व्यक्ति घायल हो गये। यह जानकारी पुलिस ने दी। थानाधिकारी मनीष देव ने बताया कि आगोरिया गांव के पास दो वाहनों (दोनों चार पहिया वाहन) की भिड़ंत हो गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई और कार में सवार दो लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई जबकि दूसरे वाहन में सवार तीन लोग घायल हो गये। उन्होंने बताया कि मृतकों में से एक की पहचान गुजरात निवासी आदित्य (20) के रूप में की गई है जबकि दूसरे की पहचान के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि घायलों में से दो गंभीर रूप से घायलों को बाड़मेर के जिला अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि कार में सवार युवक जैसलमेर घूमने आये थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आकाशीय बिजली गिरने से परिवार के तीन व्यक्तियों की मौत

गाजीपुर जिले के दिलदार नगर इलाके में बृहस्पतिवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक परिवार के तीन व्यक्तियों की मौत हो गई और मरने वालों में एक वर्षीय एक बच्चा भी शामिल है। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि कर्मा गांव निवासी रविशंकर कुशवाहा, उनकी पत्नी सरोज देवी (28) और उनके एक वर्षीय बेटे अंकुश कुशवाहा की पूर्वाह्न करीब 10 बजे कर्मा गांव तिराहे पर आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। दिलदार नगर थाने के प्रभारी अशोक कुमार मिश्रा ने बताया, यह हादसा उस समय हुआ, तब परिवार सरहुला गांव में सरोज देवी के माता-पिता के घर से मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था। उन्होंने बताया कि घटना के बाद तीनों को सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मिश्रा ने बताया, अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में 30 नक्सली ढेर, 1 जवान शहीद

मुठभेड़

▶▶अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में हमारे सुरक्षा बलों के 2 अलग-अलग ऑपरेशन्स में 30 नक्सली मारे गए।

## ▶▶शाह बोले नक्सलियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति




एजेंसी

बीजापुर/कांकेरः छत्तीसगढ़ में दो अलग अलग मुठभेड़ों में 30 नक्सली मारे गए हैं. बीजापुर जिले में 26 नक्सली मारे गए, जबकि कांकेर इलाके में बीएसएफ और राज्य पुलिस के डीआरजी कर्मियों की संयुक्त टीम ने चार माओवादियों को मार गिराया. बीजापुर में मुठभेड़ में एक पुलिस जवान भी शहीद हुआ है.बीजापुर मुठभेड़ में 26 नक्सली ढेरः बस्तर रेंज आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि बस्तर संभाग के अंतर्गत बीजापुर और कांकेर में अलग अलग मुठभेड़ चल रही है. बीजापुर मुठभेड़ में बीजापुर डीआरजी, सुकमा डीआरजी, कोबरा सीआरपीएफ बल शामिल रहा. बीजापुर दंतेवाड़ा सुकमा के सरहदी इलाके में मुठभेड़ हुई. इन इलाकों में पश्चिम बस्तर माओवादी डिवीजन कमेटी और पीएलजीए कंपनी नंबर 2 की मौजूदगी रहती है. बीजापुर की मुठभेड़ में 26 नक्सली मारे गए हैं. वहीं एक बीजापुर डीआरजी जवान शहीद हुआ है।

सुरक्षा बल लगातार सर्चिंग कर रहे हैं.दोनों एनकाउंटर में अब तक 30 नक्सली ढेरः बीजापुर और कांकेर में हुए दो नक्सल एनकाउंटर में अब तक 30 नक्सली मारे गए हैं. बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है. बीजापुर मुठभेड़ में 26 नक्सली मारे गए हैं. बीजापुर में अब तक कुल 26 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं. कांकेर एनकाउंटर में अब तक कुल 4 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं. मुठभेड़ स्थल पर अभी सर्चिंग जारी है. मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में नक्सलियों के हथियार और गोला बारूद बरामद किए गए हैं।

### अमित शाह ने दी बधाई

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है. अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है. अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है.



# संसद के बाहर विपक्षी सांसदों का प्रदर्शन

## पंजाब में किसानों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई और तमिलनाडु में परिसीमन का विरोध

"तमिलनाडु में परिसीमन को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ डीएमके सांसदों ने प्रदर्शन किया। डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा, 'हम तमिलनाडु में निष्पक्ष परिसीमन चाहते हैं। केंद्र सरकार हमें संसद में ये मुद्दा उठाने नहीं दे रही। हमने 22 मार्च को सभी दलों की बैठक बुलाई है।



एजेंसी

नई दिल्ली, बजट सत्र के सातवें दिन गुरुवार को विपक्ष के सांसदों ने संसद परिसर में केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। पंजाब के कांग्रेस सांसदों ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के नेतृत्व में पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर किसानों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन किया।

डीएमके सांसद टी शिवा संसद में एक टी-शर्ट पहनकर पहुंचे। उन्होंने कहा- तमिलनाडु निष्पक्ष परिसीमन पर जोर दे रहा है। इससे करीब 7 राज्य प्रभावित होंगे, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इसलिए हम निष्पक्ष परिसीमन की मांग को लेकर अपना विरोध प्रदर्शन जारी रख रहे हैं ।फिलहाल लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई है, क्योंकि कुछ विपक्षी सांसद नारे लिखी टी-शर्ट पहनकर पहुंचे थे। स्पीकर ओम बिरला ने इसे नियमों और संसद की गरिमा के खिलाफ बताया ।5 मंत्रालय अपनी सालाना रिपोर्ट पेश करेंगे संसद में आज 5 मंत्रालय अपनी सालाना रिपोर्ट पेश करेंगे। इसमें पेट्रोलियम, सड़क परिवहन और सिविल एविएशन मिनिस्ट्री शामिल है। इसके अलावा चार अन्य मंत्रालयों पर स्थायी समितियां अपनी रिपोर्ट रखेंगी ।इनमें कम्युनिकेशन एंड आईटी, कॉमर्स और कोयला मंत्रालय शामिल है। साथ ही बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की 18वीं रिपोर्ट पर सहमति के लिए लोकसभा में प्रस्ताव रखा जाएगा। वहीं, जल शक्ति और कृषि मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा और वोटिंग होगी।

19 मार्चः बजट सत्र के छठे दिन गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आतंकी घटनाओं पर केंद्र सरकार का पक्ष रखा।

"सरकार ने बृहस्पतिवार को बताया कि भारत सरकार ने भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (करप्शन परसेप्शन इंडेक्स) से संबंधित किसी भी कवायद में भाग नहीं लिया और ह्यभ्रष्टाचार के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता की अपनी प्रतिबद्धता का पालन करते हुए इस समस्या से निपटने के लिए कई कदम उठाए। राज्यसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने यह जानकारी दी।


# महिला के कपड़े फाड़ना, प्राइवेट पार्ट्स को हाथ लगाना रेप या रेप की कोशिश नहीं- इलाहाबाद हाईकोर्ट

## अदालत ने गंभीर यौन हमला माना, स्पष्ट किया कि रेप या रेप की कोशिश में कौन आरोप नहीं आएंगे, दो युवकों के खिलाफ आरोपों में बदलाव किया

"आरोपी पवन और आकाश को कासगंज की एक कोर्ट ने आईपीसी की धारा 376 (दुष्कर्म) और पॉक्सो एक्ट की धारा 18 के तहत मुकदमे के लिए तलब किया था। आरोपियों ने निचली अदालत के समन को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। आरोपियों की ओर से ये तर्क दिया गया था कि उन्होंने धारा 376 के तहत कोई अपराध नहीं किया है।

एजेंसी

प्रयागराजः इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि महिला के निजी अंगों को हाथ लगाना, उसके कपड़े फाड़ना और उसे पुलिया के नीचे खींचने का प्रयास करना रेप या रेप की कोशिश के अपराध के तहत नहीं आएगा. हाईकोर्ट ने क्या कहाः




कोर्ट ने कहा कि आरोपी पवन और आकाश के खिलाफ लगाए गए आरोप और मामले के तथ्य इस मामले में रेप की कोशिश का अपराध नहीं बनाते हैं. रेप के प्रयास का आरोप लगाने के लिए अभियोजन पक्ष को यह स्थापित करना होगा कि यह तैयारी के चरण से आगे निकल गया था. अपराध करने की तैयारी और वास्तविक प्रयास के बीच का अंतर मुख्य रूप से दृढ़ संकल्प की अधिक डिग्री में निहित है. यह टिप्पणी न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र ने कासगंज के पटियाली थाने में दर्ज मामले में आकाश व दो अन्य आरोपियों की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए की है.

# 'विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन देशद्रोह की तरह'

## औरंगजेब विवाद के बीच सीएम योगी की हुंकार

एजेंसी

बहराइच ।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि भारत की विरासत पर हमला करने वाले और इसके लोगों का अपमान करने वाले आक्रमणकारियों का महिमामंडन करना देशद्रोह के बराबर है, जिसे 'नया भारत' कभी स्वीकार नहीं करेगा। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में मुगल शासक औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर चल रहे विवाद के बीच, आदित्यनाथ ने सनातन संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश करने वाले ऐतिहासिक शख्सियतों का जश्न मनाने के खिलाफ चेतावनी दी। बहराइच में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि आक्रमणकारियों का महिमामंडन करने का मतलब है देशद्रोह की जड़ों को मजबूत करना। नया भारत उन लोगों को कभी स्वीकार नहीं करेगा जो हमारे महान पूर्वजों का अपमान करते हैं और उन लोगों की प्रशंसा करते हैं जिन्होंने हमारी सभ्यता पर हमला किया, हमारी महिलाओं का अपमान किया और हमारी आस्था पर प्रहार किया।

उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया भारत की समृद्ध विरासत को स्वीकार कर रही है, तो हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह हमारे सम्मान को बनाए रखे। आदित्यनाथ की यह टिप्पणी प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ पर बोलते हुए आई

"बहराइच में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि आक्रमणकारियों का महिमामंडन करने का मतलब है देशद्रोह की जड़ों को मजबूत करना। नया भारत उन लोगों को कभी स्वीकार नहीं करेगा जो हमारे महान पूर्वजों का अपमान करते हैं और उन लोगों की प्रशंसा करते हैं जिन्होंने हमारी सभ्यता पर हमला किया, हमारी महिलाओं का अपमान किया और हमारी आस्था पर प्रहार किया।



# विदेश यात्रा से पहले मेरी छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहा विपक्ष : ममता बनर्जी

▶▶ऑक्सफोर्ड में उनका व्याख्यान 27 मार्च को होगा। अपनी यात्रा के दौरान, वह राज्य में निवेश के लिए 25 मार्च को उद्योगपतियों से भी मिलेंगी। वह 28-29 मार्च को कोलकाता लौटने वाली हैं। केंद्र ने उनकी यात्रा को पिछले हफ्ते मंजूरी दी थी।

एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विदेश यात्रा से पहले बृहस्पतिवार को भाजपा और वाम दलों पर उनकी छवि धूमिल करने के प्रयास किये जाने का आरोप लगाया और कहा कि विदेश यात्रा से पहले किसी नेता पर हमला करने से देश की छवि को नुकसान पहुंचता है ।ममता बनर्जी, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने के लिए आगामी दिनों में लंदन की यात्रा करने वाली हैं। बनर्जी ने कहा कि राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन किसी भी नेता को किसी अन्य नेता की विदेश यात्रा से पहले उसकी छवि खराब नहीं करनी चाहिए क्योंकि वह व्यक्ति देश का प्रतिनिधित्व करेगा ।उन्होंने, कहा, ईर्ष्या के इलाज के लिए कोई दवा नहीं है। विपक्ष मेरी आगामी लंदन यात्रा को लेकर मेरी छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है।



# बिहार में जंगलराज, लॉ एंड ऑर्डर संभाल नहीं पा रही नीतीश सरकार

## सीएम पर राबड़ी देवी का वार

राबड़ी देवी ने कहा कि होली के दौरान 2 दिनों में 22 हत्याएं हो गई। सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। सुशासन का जंगल राज बन गया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि नीतीश सरकार लॉ एंड ऑर्डर संभाल नहीं पा रही, राज्य में रोज हत्याएं हो रहीं है।

एजेंसी

बिहार, बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राजद नेता राबड़ी देवी ने अन्य पार्टी विधायकों के साथ विभिन्न मांगों को लेकर बिहार विधान परिषद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। राबड़ी देवी ने कहा कि सुशासन की सरकार में बिहार में हर दिन हत्या, बलात्कार, चोरी हो रही है। इसे रोकने की ताकत सरकार के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि होली के दौरान 2 दिनों में 22 हत्याएं हो गई। सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। सुशासन का जंगल राज बन गया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि नीतीश सरकार लॉ एंड ऑर्डर संभाल नहीं पा रही, राज्य में रोज हत्याएं हो रहीं है। इससे पहले केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा कथित तौर पर आई आई एम आर और बीज उत्पादन केंद्र को बिहार से कर्नाटक स्थानांतरित करने को लेकर चुनाव से पहले राज्य की सियासत तेज हो गई है। पूरे मामले को लेकर विपक्ष सत्तारूढ़ एनडीए सरकार पर हमलावर है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने फिर एक बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अगर बिहार के सीएम को इसकी जानकारी थी, तो क्या उन्होंने पीएम और कृषि मंत्री से बात कीएनडीए सरकार पर वार करते हुए तेजस्वी ने कहा कि उनका बिहार से पलायन रोकने का कोई इरादा नहीं है; वे इसे बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। यहां तक कि गिरिराज सिंह ने भी इस बारे में तभी बात की जब मैंने इस बारे में ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से किसी ने भी इस कदम का विरोध नहीं किया। बिहार को 'पैर पकड़वा मुख्यमंत्री' की जरूरत नहीं है।




# तमिलनाडु के सांसद ने भारतीय नौसेना को बताया लंगड़ा बत्तख

## कहा- श्रीलंकाई अधिकारियों संग है मिलीभगत

▶▶पिछले 40 सालों में श्रीलंकाई नौसेना ने 843 मछुआरों पर हमला कर उन्हें मार डाला है। 25 जनवरी को रामेश्वरम से 34 मछुआरों और तीन मछली पकड़ने वाली नावों को श्रीलंकाई नौसेना ने सीमा पार कर मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया।

एजेंसी

तमिलनाडु की क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टी मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एमडीएमके) के एक राज्यसभा सांसद ने शून्यकाल के दौरान भारतीय नौसेना की कड़ी आलोचना की। पार्टी नेता वाइको ने श्रीलंकाई नौसेना द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों को लगातार परेशान किए जाने पर चिंता जताते हुए नौसेना को लंगड़ा बत्तख करार दिया।



वाइको ने भारत सरकार पर निष्क्रियता का आरोप लगाया और आरोप लगाया कि भारतीय नौसेना श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर रही है। पिछले 40 सालों में श्रीलंकाई नौसेना ने 843 मछुआरों पर हमला कर उन्हें मार डाला है।


पत्र

## विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

# विधायकों की बात नहीं सुनते अधिकारी!

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मुख्य सचिव धर्मेंद्र को पत्र लिखकर कहा है कि अधिकारी विधानसभा सदस्यों के पत्रों, फोन कॉल या संदेशों का जवाब नहीं दे रहे हैं। अध्यक्ष ने मुख्य सचिव से कहा कि वे प्रशासनिक सचिवों, दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों के प्रमुखों, दिल्ली पुलिस, डीडीए को संवेदनशील बनाएं। पत्र में कहा गया है कि यह एक गंभीर मामला है और मेरा मानना है कि इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सरकारी निदेशों को दोहराने की तत्काल आवश्यकता है। यह दिल्ली सरकार के अधिकारियों के लिए एक चेतावनी है, जिन्होंने पिछले आप प्रशासन के दौरान विधायकों और यहां तक कि मंत्रियों की भी अनदेखी की थी। चूंकि ये सेवाएं केंद्र सरकार के अधीन नहीं थीं, इसलिए अधिकारियों के बारे में कहा जाता था कि वे अक्सर अअढ नेताओं की अनदेखी करते थे। अब दिल्ली में भाजपा सत्ता में है, इसलिए नौकरशाही से अपेक्षा की जाती है कि वह नए प्रशासन के साथ तालमेल बिठाएगी और निर्वाचित सरकार तथा सांसदों की बात मानेगी, और विजेंद्र गुप्ता का पत्र इसी बात की याद दिलाता है। गुप्ता ने 19 मार्च को लिखे अपने पत्र में कहा, यह दिल्ली विधानसभा के माननीय सदस्यों के साथ व्यवहार करते समय सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा पालन की जाने वाली प्रक्रिया और प्रोटोकॉल मानदंडों के संदर्भ में है। मेरे संज्ञान में कुछ ऐसे मामले लाए गए हैं, जहां माननीय सदस्यों द्वारा पत्र, फोन कॉल या संदेशों के रूप में किए गए संचार को संबंधित अधिकारी द्वारा स्वीकार भी नहीं किया गया है। गुप्ता ने इस मुद्दे को गंभीर मामला बताया और अनुपालन रिपोर्ट भी मांगी।



"पत्र में कहा गया है कि यह एक गंभीर मामला है और मेरा मानना है कि इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सरकारी निर्देशों को दोहराने की तत्काल आवश्यकता है।

आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा;दस साल तक दिल्ली के अफसरों को सिखाया गया कि मंत्री और विधायकों की बात नहीं सुननी. विधायकों और मंत्रियों के फोन नहीं उठाने, चिट्ठी का जवाब नहीं देना. बात बात पर आम आदमी पार्टी को ज्ञान देने वाले आज खुद परेशान हैं. अब भाजपा की सरकार बनी तो अफसरों की मनमानी समझ आ रही है. पहले यही भाजपा इन्ही अफसरों की तरफदारी करती थी, अब उन्हें कर्तव्य सिखाया जा रहा हैं. आज भाजपा को समझ आया है कि प्रजातंत्र को कमजोर करने से देश और जनता का सिर्फ नुकसान ही होता है. बता दें कि आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान भी जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों के तालमेल ठीक नहीं थे.

# ओडिशा में कोरोना के कारण 50 पत्रकारों की मौत हुईः मुख्यमंत्री



एजेंसी

ओडिशा। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बृहस्पतिवार को विधानसभा को सूचित किया कि राज्य भर में कोरोना के कारण 50 पत्रकारों की मौत हुई। बीजू जनता दल (बीजद) विधायक सौविक बिस्वाल के प्रश्न का उत्तर देते हुए माझी ने कहा कि 49 पत्रकारों के परिजनों को 15-15 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी गई है। उन्होंने बताया कि कटक जिले के एक पत्रकार के परिवार को मुआवजा नहीं दिया गया क्योंकि उन्होंने दूसरे राज्य से इसी प्रकार की सहायता प्राप्त की थी। मुख्यमंत्री के अनुसार, ओडिशा में कोरोना के कारण सबसे अधिक (10) पत्रकारों की मौत गंजाम जिले में हुई। भुवनेश्वर समेत खुर्दा जिले में आठ और सुंदरगढ़ में चार पत्रकारों की मौत हुई। राज्य में कोरोना का पहला मामला 16 मार्च 2020 को सामने आया था और इससे पहली मौत छह अप्रैल 2020 को दर्ज की गई थी। माझी ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में बताया कि ओडिशा में पिछले पांच वर्षों के दौरान 14 पत्रकारों पर हमले हुए। उन्होंने बताया कि शिकायतों के आधार पर पुलिस ने 18 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंतित है।


○ भुवनेश्वर समेत खुर्दा जिले में आठ और सुंदरगढ़ में चार पत्रकारों की मौत हुई। राज्य में कोरोना का पहला मामला 16 मार्च 2020 को सामने आया था और इससे पहली मौत छह अप्रैल 2020 को दर्ज की गई थी।

## सम्पादकीय

# शहरीकरण की चुनौतियां, अर्थव्यवस्था को बल देने के साथ रोजगार पर देना होगा ध्यान

दुर्भाग्य से वे ऐसा नहीं कर रहे हैं। वे शहरों के बुनियादी ढांचे को सुधारने और संवारने के बजाय अपने वोट बैंक की चिंता करते हैं। इससे भी खराब बात यह है कि वे ऐसा करते हुए न केवल विकास की अनदेखी करते हैं बल्कि शहरी जीवन की समस्याएं बढ़ाने वाले काम करते हैं। इसी कारण हमारे शहरों में अतिक्रमण प्रदूषण आदि बेलगाम होता दिखता है ।नीति आयोग के पूर्व सीईओ और जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने रायसीना डायलॉग के मंच से देश के विकास में सतत शहरी विकास की महत्ता के बारे में जो कुछ कहा, उसे हमारे नीति-नियंता समझें और शहरों को समस्याओं से मुक्त करने के लिए ठोस कदम उठाएं तो बेहतर। अमिताभ कांत ने यह जो कहा कि शहर विकास, नवाचार और समृद्धि के केंद्र हैं, वह कोई नई-अनोखी बात नहीं ।यह पूरी दुनिया में स्थापित हो चुका है कि शहर विकास के वाहक हैं। भारत में भी कुछ शहर इसके परिचायक हैं और यह इस उदाहरण से साबित होता है कि मुंबई का सकल घरेलू उत्पाद 18 भारतीय राज्यों के सकल घरेलू उत्पाद से अधिक है। इसी तरह नोएडा का सकल घरेलू उत्पाद कानपुर से 12 गुना अधिक है ।यह निराशाजनक है कि शहरों की इस महत्ता से परिचित होने के बाद भी उनमें नियोजित विकास सुनिश्चित नहीं किया जा पा रहा है। इसका परिणाम यह है कि वे समस्याओं से घिरते जा रहे हैं और बढ़ती आबादी के बोझ तले दबते चले जा रहे हैं। यह तब है, जब यह बार-बार सामने आ रहा है कि आने वाले समय में शहरों की आबादी तेजी से बढ़ेगी ।इसे देखते हुए होना तो यह चाहिए कि शहरों के समुचित विकास पर प्राथमिकता के आधार पर ध्यान दिया जाए और उन्हें इस तरह विकसित किया जाए कि उनमें उद्योग-धंधे तेजी के साथ फल-फूल सकें ।आवश्यकता केवल यह नहीं है कि शहरीकरण की चुनौतियों से पार पाने पर अतिरिक्त ध्यान दिया जाए, बल्कि यह भी है कि विकास के मामले में हमारे शहर एक-दूसरे से होड़ लें। आज देश में कई मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, नोएडा आदि होने चाहिए। वैसे तो इसकी चिंता केंद्र और राज्य सरकारों को भी करनी होगी, लेकिन सबसे अधिक सजगता का परिचय नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों को देना होगा ।दुर्भाग्य से वे ऐसा नहीं कर रहे हैं। वे शहरों के बुनियादी ढांचे को सुधारने और संवारने के बजाय अपने वोट बैंक की चिंता करते हैं। इससे भी खराब बात यह है कि वे ऐसा करते हुए न केवल विकास की अनदेखी करते हैं, बल्कि शहरी जीवन की समस्याएं बढ़ाने वाले काम करते हैं। इसी कारण हमारे शहरों में अतिक्रमण, प्रदूषण आदि बेलगाम होता दिखता है और झुग्गी बस्तियां खत्म होने के बजाय बढ़ती चली जा रही हैं ।यह वोट बैंक की सस्ती राजनीति का ही नतीजा है।

## आज का विचार




# बिखराव की राह पर पाकिस्तान, जिसकी नींव केवल भारत-हिंदू विरोधी घृणा पर केंद्रित

> पाकिस्तान कोई राष्ट्र नहीं बल्कि एक ऐसी विषाक्त वैचारिक परियोजना है जिसकी नींव केवल भारत-हिंदू विरोधी घृणा पर केंद्रित है। 12 मार्च को ही पाकिस्तानी पंजाब के शिक्षा विभाग ने अनैतिकता-अश्लीलता के नाम पर स्कूल-कालेजों में हिंदी गीतों पर प्रतिबंध लगा दिया। फिर पश्चिमी नाच-गानों पर पाबंदी क्यों नहीं लगी? यह पाकिस्तान की पहली विडंबना नहीं है।

बीते दिनों पाकिस्तानी फौज को निशाना बनाते हुए बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के अलग-अलग हमलों में पाकिस्तानी सैनिकों समेत कई लोग मारे गए। हालात इतने बिगड़े कि फौज और राजनीतिक दलों को आनन-फानन बैठकें बुलानी पड़ीं। पाकिस्तान के हालिया घटनाक्रम ने कई अनकहे और कटु सत्य उजागर किए हैं ।पहला, यह कि पाकिस्तान कोई राष्ट्र नहीं, अपितु औपनिवेशिक शक्तियों द्वारा अपने निहित स्वार्थ के लिए बनाई गई एक कृत्रिम इकाई है। दूसरा, विश्व के जिस मानचित्र पर पाकिस्तान है, वहां के अधिकांश लोग इस्लाम के नाम पर न तो देश का विभाजन चाहते थे और न ही पाकिस्तान की अवधारणा का समर्थन करते थे ।कई आज भी उसके विरोधी हैं। तीसरा, इस्लाम के नाम पर वैश्विक मुस्लिम सहयोग-एकता को बल देता उम्माह केवल किताबी बात है। इसका व्यावहारिकता से कोई लेना-देना नहीं। सुर्खियों में छाए बलूचिस्तान की बात करें उसका हजारों वर्ष पुराना इतिहास है। सातवीं शताब्दी में मुस्लिम आक्रांताओं के भारत पर हमले के बाद यहां इस्लाम का प्रभाव बढ़ा ।हिंदुओं की प्रमुख शक्तिपीठ में से एक हिंगलाज माता मंदिर आज भी यहां विद्यमान है। ब्रिटिश हुकूमत के समय बलूचिस्तान पर कलात रियासत का शासन था। 1876 में दोनों के बीच संधि हुई और वह सशर्त ब्रिटिश अधीनस्थ राज्य बन गया। 1947 में विभाजन के बाद कलात ने स्वतंत्र रहने का अधिकार चुना, लेकिन मार्च 1948 में मोहम्मद अली जिन्ना के निर्देश पर पाकिस्तानी



सेना ने इसे बलपूर्वक हड़प लिया। तब से यह बलूच राष्ट्रवादियों के लिए राष्ट्रीयता और आत्मनिर्णय के संघर्ष का प्रतीक बना हुआ है ।पाकिस्तान में अलगाववाद केवल बलूचिस्तान तक सीमित न होकर सिंध और पश्तून क्षेत्र तक फैला हुआ है। बलूचिस्तान के अतिरिक्त सिंध, पंजाब और खैबर पख्तूनखा में भी विभाजन पूर्व इस्लाम के नाम पर अलग देश का विरोध था। सिंध इत्तेहाद पार्टी के शीर्ष नेता अल्लाबख्श मुहम्मद उमर सूमरो अविभाजित भारत में सिंध के दो बार प्रधानमंत्री रहे ।उन्होंने मजहब के आधार पर अलग देश बनाने की अवधारणा को इस्लाम विरोधी बताया था। 1943 में अल्लाबख्श की हत्या कर दी गई, जिसमें मुस्लिम लीग के हाथ होने का संदेह जताया गया। 1945 तक अविभाजित पंजाब में भी पाकिस्तान के लिए कोई राजनीतिक समर्थन नहीं था। 1937 के प्रांतीय चुनाव में पंजाब के लोगों ने घोर मजहबी मुस्लिम लीग के बजाय सेक्युलर यूनियनिस्ट पार्टी को चुना ।इस दल ने सिकंदर हयात खान के नेतृत्व में अकाली दल और कांग्रेस के साथ मिलकर पंजाब में सरकार बनाई। सिकंदर ने 1940 के पाकिस्तान प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। उनके निधन के बाद रसूखदार मलिक खिजर हयात तिवाना ने 1942 से पंजाब सरकार की बागडोर संभाली। जिन्ना ने तिवाना पर दबाव बनाया लेकिन तिवाना झुके नहीं और पंजाब में हिंदुओं, सिखों और मुसलमानों के साथ मिलकर काम करने की घोषणा कर दी ।इससे खिन्न जिन्ना ने पंजाब में मजहबी उन्माद भड़काया। यूनियनिस्ट पार्टी बिखर गई और 1946 के चुनाव में पंजाब मुस्लिम लीग की झोली में चला गया। राजनीति से संन्यास लेकर जब तिवाना अक्टूबर 1949 में नवगठित पाकिस्तान के पंजाब पहुंचे, तब वहां की इस्लामी सरकार ने खुन्नस निकालते हुए उनकी अपार संपत्ति जब्त कर ली। मजहबी उत्पीड़न से बचने के लिए वह अमेरिका जाकर बस गए और 1975 में वहीं अंतिम सांस ली ।खैबर पख्तूनखा में भी पाकिस्तान के लिए समर्थन नहीं था। 1946 के प्रांतीय चुनावों में मुस्लिम लीग को व्यापक समर्थन नहीं मिला था। सीमांत गांधी कहे जाने वाले सरदार अब्दुल गफ्फार खां की कर्मभूमि ने विभाजन का कड़ा विरोध किया था। गफ्फार ने पश्तूनों की स्वायत्तता हेतु संघर्ष किया, जिसके कारण उनका अधिकतर समय जेल या फिर निर्वासन में बिता। इसी तरह जब पूर्वी पाकिस्तान में बांग्ला पहचान को पाकिस्तानी सत्ता-अधिष्ठान बार-बार कुचलता रहा, तब शेख मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में उठी विद्रोह की आग ने 1971 में बांग्लादेश को जन्म दिया। अब यही स्थिति बलूचिस्तान में दिख रही है ।इस बीच यह पहली बार नहीं है, जब उम्माह पर प्रश्नचिह्न लगा हो। यदि उम्माह वाकई व्यावहारिक है, तो सऊदी-ईरान, तुर्की-सीरिया और पाकिस्तान-अफगानिस्तान में शत्रुभाव का कारण क्या है? अहमदिया मुस्लिमों की पाकिस्तान निर्माण में बहुआयामी भूमिका थी। 1940 में पाकिस्तान के मजहबी विचार को अहमदिया मुस्लिम मुहम्मद जफरुल्लाह ने ही लेखबद्ध किया था। वह पाकिस्तान के पहले विदेश मंत्री बने और संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर के मुद्दे पर भारत के खिलाफ पैरवी भी करते थे ।जब अक्टूबर 1947 में पाकिस्तान ने कश्मीर पर हमला किया, तब अहमदिया मुस्लिमों के खलीफा मिर्जा बशीर-उद-दीन महमूद अहमद ने भारतीय सेना के खिलाफ फुरकान फोर्स जैसा सैन्यबल बनाया। सोचिए, इस्लाम के नाम पर सपनों के जिस देश के लिए अहमदिया मुसलमान लड़े, उसी पाकिस्तान में उन्हें मजहबी कारणों से 1974 में गैर-मुस्लिम घोषित कर दिया गया। तब से वे भी अन्य काफिरों की भांति मजहबी प्रताड़ना के शिकार हैं ।पाकिस्तान कोई राष्ट्र नहीं, बल्कि एक ऐसी विषाक्त वैचारिक परियोजना है, जिसकी नींव केवल भारत-हिंदू विरोधी घृणा पर केंद्रित है। 12 मार्च को ही पाकिस्तानी पंजाब के शिक्षा विभाग ने अनैतिकता-अश्लीलता के नाम पर स्कूल-कालेजों में हिंदी गीतों पर प्रतिबंध लगा दिया। फिर पश्चिमी नाच-गानों पर पाबंदी क्यों नहीं लगी? यह पाकिस्तान की पहली विडंबना नहीं है ।पाकिस्तान अपनी मौलिक पहचान को भारतीय सांस्कृतिक जड़ों से काटकर खाड़ी देशों की अरब संस्कृति में समाहित करने का असफल प्रयास कर रहा है। पाकिस्तान में 40 प्रतिशत से अधिक लोगों के पंजाबी भाषी और उर्दू-अंग्रेजी राजभाषा होने के बाद भी विदेशी फारसी लिपि में कौमी तराना (राष्ट्रगान) होना इसका ही प्रमाण है। इन्हीं विरोधाभासों के कारण पाकिस्तान गहरे राजनीतिक, सामाजिक, भौगोलिक और आर्थिक संकट में है, जो उसे लंबे समय तक एक इकाई के रूप में एकजुट नहीं रहने देगा।



**मेष राशि** : मेष राशि के जो जातक रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं, उन्हें अच्छे अवसर मिलेंगे. आप किसी नई संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं. भविष्य को लेकर आप कोई प्लानिंग करेंगे. आप अपने कामों में बदलाव न करें.

**वृषभ राशि** : वृषभ राशि के जातकों के लिए कल दिन अनुकूल रहने वाला है. सामाजिक व राजनीतिक संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा. आपको कोई नया काम मिलने की संभावना है. आप अपने विरोधियों पर आसानी से विजय प्राप्त कर सकेंगे.

**मिथुन राशि** : मिथुन राशि के जातकों के लिए कल दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है. आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम कर सकते हैं. मित्रों को आपको पूरा सहयोग मिलेगा. घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी.

**कर्क राशि** : कर्क राशि के जातकों के लिए कल दिन मेहनत से काम करने के लिए रहेगा. आप कहीं बाहर जाने की योजना बना सकते हैं. प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के लिए कोई उपहार लेकर आएंगे. कल आप वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करें.

**सिंह राशि** : मिथुन राशि के जातकों के लिए आत्म सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है. करियर पर आपको अधिक ध्यान देना होगा. आपके घर में सुख शांति भरा माहौल रहेगा. यदि कोई लड़ाई झगड़ा चल रहा था, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगा.

**कन्या राशि** : कन्या राशि के जातकों को अपने कामों को सोच समझकर करना होगा. आपकी तरक्की की राह मे आ रही बाधा दूर होंगी. आपके मन में प्रेम व सहयोग की भावना बनी रहेगी. आपकी भौतिक सुविधाओं में वृद्धि होगी.

**तुला राशि** : तुला राशि के जातकों के लिए कल दिन चिताओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा. आपको किसी नयी संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है. आपको कोई बात किसी से बहुत ही सोच विचार कर कहनी होगी. आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी. आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह नहीं बोलना है.

**वृश्चिक राशि** : वृश्चिक राशि के जातकों के धन प्राप्ति के मार्ग बढ़गे आपकी लोकप्रियता बढ़ने से खुशी होगी. आपकी पद व प्रतिष्ठा पढ़ सकती है. आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे.

**धनु राशि** : धनु राशि के जातकों की को कल गुप्त शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है. आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी. माता-पिता का सहयोग भी आपको भरपूर मिलेगा. आपकी कुछ नया करने की कोशिशें बढ़ेगी.

**मकर राशि** : मकर राशि के जातकों की सुख सुविधाएं बढ़ेंगी. आपके चारों ओर का वातावरण अनुकूल रहेगा, जिससे आपका मन भी प्रसन्नचित रहेगा. आप यदि किसी काम को पूरा करने के लिए लंबे समय से सोच विचार कर रहे थे, तो वह पूरा हो सकता है. जीवन साथी की ओर से आपको कोई मनपसंद सरप्राइज मिल सकता है.

**कुंभ राशि** : कुंभ राशि के जातकों के लिए कल दिन लाभदायक रहेगा, लेकिन आपकी इन्कम के सोर्स अच्छे होंगे. आपके घर के किसी सदस्य को नई नौकरी मिलने से घर में किसी सरप्राइज पार्टी का आयोजन हो सकता है. आपको संतान के करियर पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है, आप उनकी संगति की को लेकर थोड़ा चिंतित रहेंगे.

**मीन राशि** : मीन राशि के जातकों को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने की कोशिशें में लगे रहना होगा. आपका दांपत्य जीवन पहले से बेहतर रहेगा, जिससे दोनों के बीच प्रेम और गहरा होगा. आपको काम में कुछ शंकाएं नजर आएंगी. आपको किसी भी मामले को लेकर ज्यादा क्रोध नहीं करना है. आप धैर्य व साहस दिखाते हुए उन्हें निपटाने की कोशिश करें. राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# विज्ञान कथा सीखने के लिए बच्चों के मन को प्रेरित करने के लिए

विजय गर्ग

बच्चे हमारा भविष्य हैं और उनके दिमाग के विकास के लिए कहानियां बहुत महत्वपूर्ण हैं। कहानियां उनकी कल्पना को उत्तेजित करती हैं, मूल्यों की भावना पैदा करती हैं। इस तरह, वे बच्चों को एक खुशहाल और सम्मानजनक दुनिया बनाने में मार्गदर्शन करते हैं। विज्ञान कथा और पर्यावरण की कहानियां इस दृष्टि को प्राप्त करने में बच्चों के लिए एक प्रमुख भूमिका निभाती हैं। कहानियों की यह शैली न केवल बच्चों को अद्भुत दुनिया के बारे में सूचित करती है, बल्कि उन्हें विज्ञान से परिचित कराती है, प्रौद्योगिकी में मूल्यवान अंतर्दृष्टि और पर्यावरण-मानसिक संरक्षण के महत्व को प्रदान करती है। नैतिक मूल्यों के संचार में भूमिका भी बच्चों के मन को प्रेरित करने के लिए विज्ञान कथा सीखने के लिए बच्चों के मन को प्रेरित करने के लिए इन कहानियों को जानने के लिए अक्सर पात्रों जो प्राकृतिक दुनिया की रक्षा के लिए अनुसंधान शुरू सुविधा, जीवित प्राणियों के लिए करुणा को बढ़ावा देने और ग्रहों की जिंमेदारी की भावना । बचपन में पर्यावरण के बारे में पर्याप्त ज्ञान प्रदान करके, बच्चे पर्यावरण के प्रति जागरूक लोगों के रूप में विकसित हो सकते हैं संभावना बढ़ जाती है। ऐसे व्यक्ति प्राकृतिक सह-अस्तित्व और जैव विविधता के संरक्षण की आवश्यकता को बहुत गंभीरता से समझते हैं और पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों में लाभकारी भूमिका निभाने के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं। विज्ञान की कहानियां और पर्यावरण कहानियां न केवल बच्चों में मानसिक विकास और पर्यावरण जागरूकता पैदा करती हैं बल्कि उन्हें नैतिक मूल्य प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनमें से कई आख्यान न्याय, सामाजिक समानता और प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के विषयों का पता लगाते हैं। काल्पनिक पात्रों के अनुभवों के माध्यम से, बच्चों को



नैतिक दुविधाओं, नैतिक निर्णयों और उनके कार्यों के परिणामों द्वारा निर्देशित किया जा सकता है। रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करता है विज्ञान कथा और पर्यावरणीय कहानियां हमारे ग्रह के सामने आने वाली पर्यावरणीय चुनौतियों के बारे में बच्चों के मानसिक विकास, नैतिक जागरूकता और जागरूकता को बढ़ावा देती हैं। विज्ञान कथा एक बच्चे की कल्पना को विकसित करने और नई चीजें सीखने की उसकी इच्छा को तेज करने में एक विशेष भूमिका निभाती है। उन्नत प्रौद्योगिकी और ब्रह्मांडीय अंतरिक्ष की भविष्य की दुनिया में साहसी लोगों की कथा के माध्यम से। बच्चों को वैज्ञानिक अवधारणाओं से बहुत दिलचस्प तरीके से परिचित कराया जाता है। विज्ञान लेखक अंतरिक्ष अन्वेषण, समय यात्रा और उन्नत सभ्यताओं के बारे में कहानियां बनाते हैं। इन कहानियों के माध्यम से, वह बाल पाठकों का मनोरंजन करता है और बच्चों को बुनियादी वैज्ञानिक सिद्धांतों से परिचित कराता है। इसके अलावा, विज्ञान कथा में अक्सर समस्या को सुलझाने के दृश्य शामिल होते हैं। बच्चों को गंभीर और रचनात्मक रूप से सोचने के लिए प्रोत्साहित करता है। ये कहानियां उन पात्रों को पेश करके बचकानी हैं जो वैज्ञानिक तर्क का उपयोग करने की चुनौती देते हैं, मन को जिज्ञासु, प्रयोग और सीखने के लिए प्रेरित करते हैं।

परिणाम बच्चे का मानसिक विकास है, जो विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित जैसे क्षेत्रों में सफलता के लिए आवश्यक है। नई चीजों को सीखने की इच्छा में वृद्धि मानसिक विकास के अलावा, पर्यावरण के प्रति जागरूक-नेस और नैतिक समझ-बच्चों में, विज्ञान कथा और पर्यावरणीय कहानियां भविष्य के शोधकताओं के लिए प्रेरणा के स्रोत के रूप में कार्य करती हैं। इन आख्यानों में प्रस्तुत काल्पनिक दुनिया और भविष्य की प्रौद्योगिकियां बच्चों के दिमाग में नई चीजें सीखने की इच्छा को प्रोत्साहित करती हैं। बढ़ती है उन्हें एक ऐसी दुनिया की कल्पना करने के लिए प्रोत्साहित करती है जहां वैज्ञानिक प्रगति समाज और पर्यावरण की बेहतरी में योगदान देती है। विज्ञान पर काबू पाने के चमत्कार और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बच्चों को पढ़ाने से, ये कहानियां समस्या को सुलझाने वाले विचारकों की एक नई पीढ़ी को जन्म देती हैं। इस तरह के विचारक उद्देश्य की भावना और बेहतर भविष्य बनाने की प्रतिबद्धता से प्रेरित होते हैं। मन के उचित विकास के लिए अमूल्य उपकरण निष्कर्ष में, विज्ञान कथा और पर्यावरण कहानियां बच्चों के मन के उचित विकास के लिए अमूल्य उपकरण हैं।

परिणाम बच्चे का मानसिक विकास है, जो विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित जैसे क्षेत्रों में सफलता के लिए आवश्यक है। नई चीजों को सीखने की इच्छा में वृद्धि मानसिक विकास के अलावा, पर्यावरण के प्रति जागरूक-नेस और नैतिक समझ-बच्चों में, विज्ञान कथा और पर्यावरणीय कहानियां भविष्य के शोधकताओं के लिए प्रेरणा के स्रोत के रूप में कार्य करती हैं। इन आख्यानों में प्रस्तुत काल्पनिक दुनिया और भविष्य की प्रौद्योगिकियां बच्चों के दिमाग में नई चीजें सीखने की इच्छा को प्रोत्साहित करती हैं। बढ़ती है उन्हें एक ऐसी दुनिया की कल्पना करने के लिए प्रोत्साहित करती है जहां वैज्ञानिक प्रगति समाज और पर्यावरण की बेहतरी में योगदान देती है। विज्ञान पर काबू पाने के चमत्कार और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बच्चों को पढ़ाने से, ये कहानियां समस्या को सुलझाने वाले विचारकों की एक नई पीढ़ी को जन्म देती हैं। इस तरह के विचारक उद्देश्य की भावना और बेहतर भविष्य बनाने की प्रतिबद्धता से प्रेरित होते हैं। मन के उचित विकास के लिए अमूल्य उपकरण निष्कर्ष में, विज्ञान कथा और पर्यावरण कहानियां बच्चों के मन के उचित विकास के लिए अमूल्य उपकरण हैं।

यह कहानियां न केवल मानसिक विकास, पर्यावरण जागरूकता और नैतिक समझ को बढ़ावा देती हैं बल्कि बाल पाठकों को एक उज्जवल और खुशहाल भविष्य के निमार्ता बनने के लिए प्रेरित करती हैं। बच्चों को ऐसी कहानियाँ प्रदान करके जो कल्पना और शिक्षा को जोड़ती हैं, हम उन्हें अच्छे खोजकर्ता, सहानुभूतिपूर्ण और प्रकृति और ग्रह की जिम्मेदारी समझने और लेने के लिए सशक्त बनाते हैं। इस तरह, हम एक ऐसी दुनिया के लिए आधार बनाते हैं जहां नई खोजों, उपलब्धियों और पर्यावरण संरक्षण कदम से कदम काम करते हैं। वे एक साथ चल सकते हैं। पर्यावरण की भावना- मानसिक जिम्मेदारी पर्यावरणीय संकट में निरंतर वृद्धि का सामना कर रही दुनिया में बच्चों में पर्यावरणीय जिम्मेदारी को विकसित करना महत्वपूर्ण है।

# देश की आर्थिक समृद्धि, ज्ञान शिक्षा और विज्ञान

संजीव ठाकुर

इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैं संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया है वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा, भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है

दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय है भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं।

# बदनाम करने को उछाला जा रहा 5 साल पुराना मामला, दिशा सालियान के पिता की याचिका पर बोले आदित्य ठाकरे

- आदित्य ठाकरे ने महायुति द्वारा उनकी गिरफ्तारी और पूछताछ की मांग पर कहा है कि पिछले पांच सालों से हमें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। आदित्य ठाकरे ने मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि अब मामला अदालत में है तो इसे अदालत पर छोड़ देना चाहिए। अदालत ही इस पर निर्णय लेगी। आज इनके पास कोई मुद्दा नहीं है तो ये मेरा नाम लेकर मुझे बदनाम कर रहे हैं।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई,दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान मौत मामले की एक बार फिर जांच होने जा रही है। दिशा के पिता सतीश सालियान ने बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। आदित्य ठाकरे ने महायुति द्वारा उनकी गिरफ्तारी और पूछताछ की मांग पर कहा है कि पिछले पांच सालों से हमें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। आदित्य ठाकरे ने मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि अब मामला अदालत में है तो इसे अदालत पर छोड़ देना चाहिए। अदालत ही इस पर निर्णय लेगी। आज इनके पास कोई मुद्दा नहीं है तो ये मेरा नाम लेकर मुझे बदनाम कर रहे हैं ।अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने कहा कि उन्होंने जून 2020 में रहस्यमयी परिस्थितियों में हुई अपनी बेटी की मौत की नये सिरे से जांच कराने के लिए बंबई हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सतीश ने कहा कि याचिका में हाई कोर्ट से शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। सतीश सालियान के वकील नीलेश ओझा ने कहा कि वे अभी भी याचिका दायर करने की प्रक्रिया में हैं

# फहीम खान समेत 6 आरोपियों पर देशद्रोह का केस

**नागपुर हिंसा मामले में फहीम खान समेत 6 आरोपियों के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है. फहीम मास्टरमाइंडों में से एक है.**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई / नागपुर :महाराष्ट्र पुलिस और साइबर पुलिस नागपुर हिंसा के आरोपियों का पता चलाने लगाने में जुटे हैं. फहीम खान के एक और आरोपी की पहचान की की गई है. साइबर पुलिस उपायुक्त लोहित मतानी ने बताया कि फहीम खान नागपुर हिंसा के मास्टरमाइंडों में से एक है. उन्होंने कहा कि फहीम खान समेत 6 आरोपियों के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है.अधिकारी ने बताया कि पुलिस को इस बात के सबूत मिले हैं कि मुगल शासक औरंगजेब की कब्र हटाने के समर्थन में विरोध प्रदर्शन के दौरान सोमवार रात नागपुर में भड़की हिंसा का मास्टरमाइंड फहीम खान ही है. इसीलिए पुलिस ने मुख्य मास्टरमाइंड फहीम शमीम खान के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 152 के तहत मामला दर्ज किया है.

बता दें कि देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वालों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 152 के तहत मामला दर्ज किया जाता है.

उन्होंने बताया कि सोमवार रात नागपुर में हुई हिंसा के आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले 50 लोगों के खिलाफ नागपुर साइबर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. हिंसा भड़काने वाले 172 वीडियो साइबर पुलिस को मिले हैं. उसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस ने 230 सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच की है, जिनसे हिंसा के कई आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित किए गए हैं.पुलिस अधिकारी ने कहा कि वीडियो वायरल करने वालों को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा और आरोपियों की संख्या बढ़ने की संभावना है.रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस को इस बात के सबूत मिले हैं कि नागपुर में हुई हिंसा के पीछे बांग्लादेशी कनेक्शन है. पुलिस को कुछ ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट्स मिले हैं, जिनका संबंध बांग्लादेश से बताया जा रहा है. इन अकाउंट्स से वीडियो साझा किए गए थे. इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.नागपुर में 17 मार्च सोमवार को हुई हिंसा के बाद स्थिति तनावपूर्ण है. इसका जन-जीवन पर भी असर पड़ा है. शहर के मुख्य बाजार भी ठप हो गए हैं. गरीबों का रोजगार प्रभावित हुआ है.शुक्रवार के बाद कर्फ्यू हटाने पर विचारहिंसा प्रभावित इलाकों में शांति है, लेकिन पुलिस को डर है कि कोई चिंगारी फिर से आग भड़का सकती है. यही वजह है कि पुलिस विभाग कर्फ्यू हटाने को तैयार नहीं है. अभी रमजान का पवित्र महीना चल रहा है. शुक्रवार को जुमे की नमाज भी अदा की जाएगी. बताया जा रहा है कि इसके बाद ही पुलिस कर्फ्यू हटाने पर विचार कर सकेगी.माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी के पदाधिकारी सैयद आसिम भी चर्चा में आ गए हैं. 2019 में लखनऊ में एक हिंदू नेता की हत्या के मामले में भी यह नाम चर्चा में रहा था.

फास्ट ट्रैक

# मध्य रेल के स्टेशनों पर चेन्नई-एकतानगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस और चेन्नई-अहमदाबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल के स्टेशनों पर चेन्नई-एकतानगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस और चेन्नई-अहमदाबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस के संशोधित समय इस प्रकार हैं ।ट्रेन संख्या 20919 चेन्नई-एकतानगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस दिनांक 18.4.2025 से पुणे में 16.35 बजे के बजाय 11.00 बजे पहुंचेगी और कल्याण में 19.27 बजे के बजाय 13.22 बजे पहुंचेगी ।ट्रेन संख्या 20953 चेन्नई-अहमदाबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस दिनांक 20.4.2025 से पुणे में 11.00 बजे के बजाय 16.35 बजे पहुंचेगी और कल्याण में 13.22 बजे के बजाय 19.27 बजे पहुंचेगी ।यात्रियों से अनुरोध है कि वे इस पर ध्यान दें ।विस्तृत समय और ठहराव के लिए कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

# नालासोपारा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर स्थित फुट ओवर ब्रिज की सीढ़ियाँ 22 मार्च, 2025 से बंद रहेंगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, नालसोपारा स्टेशन पर डेक के प्रावधान और फुट ओवर ब्रिज के विस्तार के कार्य के कारण प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर डबल डिस्चार्ज एफओबी की सेकेंडरी सीढ़ियाँ 22 मार्च 2025 से बंद रहेंगी। उल्लेखनीय है कि इस अवधि के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए मुख्य सीढ़ियाँ उपलब्ध रहेंगी।

# मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर केपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस को 23 मार्च, 2025 से प्रायोगिक आधार पर आणंद स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई, ट्रेन संख्या 20902 गांधीनगर केपिटल मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस के मुंबई सेंट्रल और अहमदाबाद स्टेशनों पर समय में परिवर्तनयात्रियों की सुविधा के लिए 23 मार्च, 2025 से प्रतिष्ठित ट्रेन संख्या 20901/20902 मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर केपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस को आणंद स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया जा रहा है। यह बताना उचित होगा कि आणंद स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव के कारण मुंबई सेंट्रल और अहमदाबाद स्टेशनों पर ट्रेन संख्या 20902 के समय में परिवर्तन होगा ।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 23 मार्च, 2025 से ट्रेन संख्या 20901 मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर केपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस आणंद स्टेशन पर 10.38 बजे पहुंचेगी और 10.40 बजे प्रस्थान करेगी। अन्य स्टेशनों पर समय में कोई बदलाव नहीं होगा। वापसी की दिशा में, ट्रेन संख्या 20902 गांधीनगर केपिटल-मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस आणंद स्टेशन पर 15.30 बजे पहुंचेगी और 15.32 बजे प्रस्थान करेगी। अतिरिक्त ठहराव के कारण अहमदाबाद स्टेशन पर ट्रेन के समय में संशोधन किया गया है। यह ट्रेन अब अहमदाबाद स्टेशन पर 14.50/15.00 बजे के बजाय 14.45/14.55 बजे आगमन/प्रस्थान करेगी। साथ ही, यह ट्रेन मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर 20:25 बजे के बजाय 20:30 बजे पहुंचेगी ।विस्तृत जानकारी के लिए यात्री www. enquiry. indianrail.gov.i पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# नागपुर हिंसा का निकला बांग्लादेश लिंक, महाराष्ट्र साइबर पुलिस चौंकाने वाले खुलासे

## साइबर विभाग ने भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट के खिलाफ कार्रवाई शुरू की

- नागपुर हिंसा से जुड़े 140 से अधिक आपत्तिजनक पोस्ट की पहचान हुई।
- बांग्लादेश से संचालित फेसबुक अकाउंट से दंगे भड़काने की धमकी



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई / नागपुर : महाराष्ट्र साइबर विभाग ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। साइबर विभाग ने नागपुर शहर साइबर पुलिस स्टेशन के साथ मिलकर कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स की पहचान की है। ये अकाउंट्स 17 मार्च को नागपुर में हुई हिंसा से जुड़ी गलत जानकारी फैला रहे थे। इस जांच के दौरान चौंकानेवाली बात सामने आई है। नागपुर में हिंसा भड़काने का लिंक बांग्लादेश से मिला है ।साइबर सेल को बांग्लादेश से चल रहा एक फेसबुक अकाउंट भी मिला है। इस अकाउंट से नागपुर में बड़े पैमाने पर दंगे भड़काने की धमकी दी गई थी। पोस्ट करने वाले व्यक्ति ने दावा किया कि नागपुर हिंसा तो बस एक छोटी सी घटना थी, आगे और भी बड़े दंगे होंगे। इसके अलावा ...अब घर में घुसेंगे जैसे पोस्ट किए गए। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 140 से ज्यादा पोस्ट की पहचान

महाराष्ट्र साइबर विभाग ने बताया कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर और यूट्यूब पर 140 से ज्यादा ऐसी पोस्ट मिली हैं, जिनमें आपत्तिजनक बातें लिखी गई थीं। इन पोस्ट को हटाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 79(3)( ) के तहत नोटिस जारी किए गए हैं। इसके अलावा, इन अकाउंट्स को चलाने वालों की पहचान जानने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 94 के तहत भी नोटिस जारी किए गए हैं।

### खास धर्म की भावनाओं को भड़काया गया

विभाग ने कहा है कि ऐसे भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने कहा कि इन पोस्ट का मकसद किसी खास धर्म के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना, सांप्रदायिक अशांति फैलाना और राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को और खराब करना है। ऐसी पोस्ट लोगों की धार्मिक भावनाओं का गलत इस्तेमाल करके उन्हें भड़काती हैं, समुदायों के बीच झगड़े पैदा करती हैं और दूरियां बढ़ाती हैं। ये काम न केवल कानून का उल्लंघन करते हैं, बल्कि शांति और स्थिरता के लिए भी खतरा हैं।

# औरंगजेब की कब्र को एएसआई ने ढका, बढ़ाई गई निगरानी, नागपुर हिंसा के बाद संभाजीनगर में अलर्ट

**नागपुर में औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग और विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के विरोध प्रदर्शन के कारण हिंसा बढ़ गई। एएसआई ने औरंगजेब की कब्र को टिन की चादरों से ढक दिया, और पुलिस ने हिंसा मामले में 18 विशेष टीमों का गठन कर 69 लोगों को गिरफ्तार किया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई / नागपुर : औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के विरोध प्रदर्शन के बीच नागपुर में कई जगह हिंसा हुई। इस घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। इधर मामले में आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) ने कदम उठाया है। एएसआई ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में औरंगजेब की कब्र के कुछ हिस्सों को टिन की चादरों से ढक दिया है। वहीं हिंसा का आरोपियों को पकड़ने के लिए 18 टीमें बनाई गई हैं, जो ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही हैं ।नागपुर में सांप्रदायिक हिंसा के बाद छत्रपति संभाजीनगर के कलेक्टर दिलीप स्वामी और पुलिस अधीक्षक विनयकुमार राठौड़ के एएसआई के अधिकारियों के साथ कब्र का दौरा किया। इसके बाद कब्र को लोहे की टीन से चारों तरफ से ढक दिया गया।

### एएसआई ने क्या कहा

एएसआई के मुताबिक कब्र के दो किनारों पर टिन की चादरें और तार की बाड़ लगाई गई है। इसके अलावा कब्र के चारों ओर एक गोल घेरा भी लगाया जाएगा। जिला प्रशासन ने बताया कि औरंगजेब की कब्र के दो किनारों को ढकने वाला हरा जाल खराब हो गया था। पास में ख्वाजा सैयद जैनुद्दीन चिश्ती की कब्र पर आने वालों को यह ढांचा दिख रहा था, इसलिए टिन की चादरें लगाई गई है। औरंगजेब 17वीं सदी का मुगल बादशाह था। हाल ही में आई हिंदी फिल्म 'छावा' के बाद वह फिर से चर्चा में आ गया।

### आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई

पुलिस ने हिंसा मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है और जांच प्रक्रिया को तेज कर दिया है। जांचकताओं का कहना है कि इस घोटाले में कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं, जिनके नाम जल्द ही सामने आ सकते हैं। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि ऐसे घोटालों पर काबू पाया जा सके और भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के लिए अपनाए गए गलत तरीकों पर नकेल कसी जा सके।

### आरोपियों को पकड़ने के लिए स्पेशल टीमें

नागपुर हिंसा के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए 18 स्पेशल टीमें बनाई हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस मामले में अब तक 69 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा ने 61 महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती क्षमा मिश्र महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्षा श्रीमती कमलेश बुटानी और सचिव श्रीमती मीता श्रीवास्तव ने 20 मार्च, 2025 को चर्चगेट स्थित पश्चिम रेलवे मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में पश्चिम रेलवे की 61 उत्कृष्ट महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह का आयोजन पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन के कार्यकारी सदस्यों की उपस्थिति में किया गया ।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे के सभी मंडलों, कारखानों और मुख्यालय के सभी विभागों की 61 महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मेरिट सर्टिफिकेट और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्रीमती क्षमा मिश्र ने सभी पुरस्कार विजेता महिलाओं के काम की प्रशंसा की और उन्हें अन्य महिला रेलवे कर्मचारियों के लिए रोल मॉडल बताया ।श्री अभिषेक ने बताया कि पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों की सहायता के लिए हमेशा आगे रहता है। इसी उद्देश्य से पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती मिश्र ने रेलवे लाभार्थियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए मुंबई सेंट्रल स्थित पश्चिम रेलवे के जगजीवन राम अस्पताल को 12 चैनल ईसीजी मशीन दान की।

# प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता सत्यवान शिंदे की महाराष्ट्र राज्य दिशा समिति के सदस्य पद पर नियुक्ति



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता सत्यवान वी. शिंदे को महाराष्ट्र राज्यस्तरीय दिशा समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। यह समिति केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधीन कार्यरत है और ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विभिन्न विकास परियोजनाओं की निगरानी करती है ।इस अवसर पर महाराष्ट्र जनता दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्रकुमार बाजपेयी ने जोगेश्वरी में आयोजित एक कार्यक्रम में सत्यवान शिंदे का सत्कार किया।

श्री बाजपेयी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि श्री शिंदे के पास ग्रामीण परियोजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कौशल है, जिससे उनकी भागीदारी राज्य सरकार को इन परियोजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद करेगी ।सम्मान समारोह में महाराष्ट्र समर्थ कामगार संघ के सचिव मनीष चव्हाण, भाजपा के वार्ड अध्यक्ष भूषण चव्हाण, केरल मुंबई उत्कर्ष सभा के अध्यक्ष रूपेश कृष्णन, व्यापारी दीपक गुप्ता और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# शिक्षामित्र का हेड मास्टर पर गंभीर आरोप

सरधना, बेगमाबाद प्राथमिक विद्यालय नंबर 2 में एक शिक्षामित्र ने हेड मास्टर पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008. क्रमांकः1 आमंत्रित करता है। **ई–निविदा सूचना संख्याः** बीसीटी / 24–25 / 310 दिनांक 18 / 03 / 2025। **कार्य और स्थानः** (1) नायगांव और वसई रोड रेलवे स्टेशनः 730 दिनों के लिए आउटसोर्सिंग द्वारा दिन–प्रतिदिन के आधार पर आवश्यकता आधारित मरम्मत। (2) नालासोपारा और विरार रेलवे स्टेशनः 730 दिनों के लिए आउटसोर्सिंग द्वारा दिन–प्रतिदिन के आधार पर आवश्यकता आधारित मरम्मत। **लगभग लागत** 1,48,52,787.32। **ईएमडीः** 2,24,300 / क्रमांकः2 ई–निविदा सूचना संख्याः बीसीटी / 24–25 / 311 दिनांक 18 / 03 / 2025। **कार्य और स्थानः** बांद्रा पाली हिल– 730 दिनों की अवधि के लिए टैंकरों द्वारा पीने योग्य पानी की आपूर्ति। **कार्य की अनुमानित लागतः** 75,62,800 **ईएमडीः** 1,51,300 / उपरोक्त दोनों निविदाएं **जमा करने की तिथि और समयः** 11.04.2025 को 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समयः** 11.04.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 1198

हमें लाइक करें:facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**इलेक्ट्रिक लोको की पेंटिंग और लेखन कार्य**

सीनियर डीईई / टीआरएस / बीएल इलेक्ट्रिक लोको शेड, वलसाड **ई–टेंडर नोटिस संख्याः** ईएल / टीआरएस / बीएल / 24–25 / डब्ल्यूओ / 10 **दिनांक** 17 / 03 / 2025 को आमंत्रित करता है। **कार्य और स्थानः** कार्य– ईएलएस / बीएल में 2 वर्ष की अवधि के लिए इलेक्ट्रिक लोको की पेंटिंग और लेखन कार्य। **स्थान** – इलेक्ट्रिक लोको शेड, पश्चिम रेलवे, वलसाड 396001। **कार्य की अनुमानित लागतः** 48,92,496.48। **ईएमडीः** 97,900 / –। **जमा करने की तिथि और समयः** 17.04.2025 को 12:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समयः** 17.04.2025 को 12:30 बजे। वेबसाइट विवरणः www.ireps.gov.in **1197**

हमें लाइक करें:facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विभागीय खानपान के लिए प्रावधानों की आपूर्ति**

मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (पीएस एवं खानपान), पश्चिम रेलवे, चर्चगेट, मुंबई। **निविदा संख्याः** ई–333158 ई आमंत्रित करता है। **कार्य का नामः** चर्चगेट की विभागीय खानपान इकाई को प्रावधान और मसाला वस्तुओं की आपूर्ति। पूर्णता अवधिः एक (1) वर्ष। **कार्य की अनुमानित लागतः** 11,15,208 / –। ई–बोली ऑनलाइन जमा करने की **अंतिम तिथि और समयः** 14.04.2025 को 11:00 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www-ireps-gov-in पर जाएं। **1200**

हमें लाइक करें:facebook.com/WesternRly

# ऑपरेशन मेरी सहेली लगभग 15,600 महिला यात्रियों को सहायता प्रदान की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर ।महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन मेरी सहेली जागरूकता अभियान चलाया जाता है। इस जागरूकता अभियान के तहत महिला यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का अनुभव प्रदान करना और उन्हे किसी भी प्रकार के संकट से सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाना है। ऑपरेशन मेरी सहेली के तहत रेलवे सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा वर्ष 2025 में अब तक 15,599 महिला यात्रियों को सुरक्षित यात्रा के लिए सहायता प्रदान करते हुए उन्हे उनके गंतब्य तक सुरक्षित रूप से पहुॅचाने में मदद की गई ।ऑपरेशन मेरी सहेली का उद्देश्यःझ ऑपरेशन मेरी सहेली का मुख्य उद्देश्य महिला यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना है। इस अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने विशेष सुरक्षा प्रबंध किए है, ताकि महिला यात्री यात्रा के दौरान आत्मविश्वास और सुरक्षित महसूस करें। इसके अतिरिक्त, आरपीएफ ने महिला यात्रियों को सुरक्षा उपायों और जागरूकता के बारे में भी जानकारी दी है, ताकि उन्हे किसी भी संकट की स्थिती में त्वरित सहायता मिल सकें।

ऑपरेशन मेरी सहेली के तहत उठाये गए कदम और उपायः- आरपीएफ ने महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया है, जिनमें शामिल हैः-

1) विशेष सुरक्षा प्रबंधः रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए महिला आरपीएफ कर्मी तैनात किए गए है।

2) जागरूकताः महिला यात्रियों को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही हौ इसके तहत आरपीएफ द्वारा महिला यात्रियों को सुरक्षा उपायों, जैसे कि चोरी, छेडछाड और आपातकालीन स्थिती में किस तरह से मदद प्राप्त की जा सकती है, पर जानकारी दी जाती है।

3) तत्काल समाधान और सहायताः महिला यात्रियों की शिकायत या समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया हौ आरपीएफ ने यात्रियों की शिकायतों का शीघ्र समाधान करने के लिए 24 घंटे उपलब्ध एक विशेष हेल्पलाइन नंबर 139 भी जारी किया हौ

रेल प्रशासन की अपीलः- रेल प्रशासन महिला यात्रियों से अपील करता है कि वे अपनी सुरक्षा के लिए हमेशा सतर्क रहें और किसी भी समस्या या संकट में आरपीएफ से तुरंत संतर्क करें। आरपीएफ की विशेष हेल्पलाइन और सुरक्षा उपायों का सही उपयोग करके महिला यात्री अपनी यात्रा को सुरक्षित और आत्मविश्वासपूर्ण बना सकती है।

महिला यात्री यात्रा के दौरान निम्नलिखित सावधानियां बरतेंः-

यात्रा के दौरान अपने सामान और व्यक्तिगत सुरक्षा पर ध्यान दें।


ट्रेन या स्टेशन पर किसी भी संदिग्ध व्यक्ति से सावधान रहें।

किसी भी समस्या की स्थिती में तुरंत आरपीएफ हेल्पलाइन 139 या नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें।

# शाहरुख खान' से अफेयर, फिर 'मुस्कान' ने प्रेमी संग मिलकर पति को दी दर्दनाक मौत, हिल देगा मुंबई का मेरठ जैसा केस

- पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की योजना बनाई
- पुलिस ने कॉल रिकॉर्ड से हत्या के पीछे का राज खोला
- दो आरोपियों को गिरफ्तार, बाकी की तलाश जारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : उत्तर प्रदेश के मेरठ में एक पत्नी मुस्कान रस्तोगी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मार डाला। उसके टुकड़े किए और एक ड्रम में इन टुकड़ों को डालकर सीमेंट घोलकर डाल दी। यह केस खुला तो हर किसी के रोंगटे खड़े हो गए। मुंबई में भी ऐसा ही केस सामने आया है। गोरेगांव ईस्ट में 36 वर्षीय एक युवक की हत्या के मामले में पलिस ने उसकी पत्नी, उसके प्रेमी और दो अन्य पर मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य फरार हैं ।किसी के दरवाजा नॉक करने की कही बात15 मार्च को चंद्रशेखर चौहान (36 वर्ष) अपने घर में मृत पाए गए थे। उनका घर गोरेगांव के बनजारीपाड़ा में है।

**बृहन्मुंबई नगर निगम**

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन – परिवहन (शहर)**
**प्रथम तल, वर्ली गैरेज बिल्डिंग, डॉ. ई. मोसेस रोड, वर्ली, मुंबई–18**
**ईईटी / सी / 16011 / एसडब्ल्यूएम / दिनांक 20.03.2025**

ई–निविदा सूचना

बृहन्मुंबई नगर निगम के आयुक्त निम्नलिखित को ऑनलाइन आमंत्रित करते हैं

| कार्य का नाम | बयाना राशि | जमा राशि | बोली प्रारंभ तिथि समय | बोली समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| विशेष ड्यूटी अधिकारी (ओएसडी) के उपयोग के लिए एसी स्विफ्ट डिजायर या समकक्ष प्रकार की कार की आपूर्ति। | Rs. 7,500/- | Rs. 1,320/- + GST as applicable | 21.03.2025 11.00 A.M. | 27.03.2025 04.00 P.M. |

निविदा की प्रति महाराष्ट्र सरकार (महाटेंडर्स) की ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली (http://mahatenders.gov.in) से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निविदा की प्रति बीएमसी के पोर्टल https://portal.mcgm.gov.in से "ई–टेंडर" अनुभाग के अंतर्गत डाउनलोड की जा सकती है।

पीआरओ / 2882 विज्ञा0 / 2024.25

अधिशाषी अभियंता
परिवहन (शहर)

# क्षत्रिय समाज ने सामाजिक रूप से दिखाया फिल्म छावा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे ,क्षत्रिय समाज चैरिटेबल ट्रस्ट ने छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता और बलिदान पर आधारित फिल्म छावा का सामूहिक प्रदर्शन विविआना मॉल में आयोजित किया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से भाइयों को प्रेरित करने और उनके गौरवशाली इतिहास को उजागर करने के उद्देश्य से किया गया। टिकट व्यवस्था समेत सुव्यवस्थित आयोजन सुनील सिंह के माध्यम से किया गया ।सभी ने बड़े ध्यान और उत्साह के साथ फिल्म का आनंद लिया ।संस्थापक एडवोकेट विनय कुमार सिंह ने कहा, ₹मुगलों, औरंगजेब तथा अंग्रेजों का महिमामंडन करना इतिहास की विकृति है। हमें अपने गौरवशाली अतीत की सच्ची कहानियाँ उजागर करनी चाहिए ।₹ उन्होंने आगे बताया कि भविष्य में संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित सेमिनार, पुस्तक विमोचन और जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जाएगा ।पूर्व महासचिव श्रवण कुमार सिंह ने इस आयोजन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव और प्रस्ताव रखे, जिससे कार्यक्रम और भी प्रभावशाली बन सका। संस्था के महासचिव सुनील सिंह के सौजन्य से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।इस आयोजन में संस्था के मार्गदर्शक प्रभाकर सिंह, अभिराम सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, संजय सिंह, अरविंद सिंह, प्रदीप सिंह, ठाणे प्रभारी भगवंत सिंह, जिला अध्यक्ष प्रमोद शाही, युवा अध्यक्ष रणजीत सिंह, सूरज सिंह, दीपक सिंह समेत अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे ।छत्रपति की जीवनी सभी देश वासियों में देशभक्ति एवं साहस की भावना को भी प्रोत्साहित करता है, जिससे आने वाली पीढ़ी अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा ले सके।

# मुंब्रा पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक ने शहर का दौरा कर स्थिति का लिया जायजा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , नागपुर में तनाव के बाद मुंब्रा पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक अनिल शिंदे ने शहर का दौरा कर मस्जिदों के ट्रस्टियों से , नमाजियों से मुलाकात की और यातायात की समस्या का जायजा लिया। उन्होंने शहर की कानून व सुव्यवस्था पर पैनी नजर रखी है। मुंब्रा में रमजान महीने में ट्रैफिक और भीड़ बहुत बढ़ जाती है। यहां के बाजारों में ठाणे और रायगढ़ जिला के कई इलाकों से लोग खरीदी करने आते हैं। ऐसे में मुंब्रा पोलिस के वरिष्ठ निरीक्षक अनिल शिंदे ने शहर का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कौसा के शिमला पार्क इलाके में स्थित गौसिया मस्जिद के जिम्मेदारों और नमाजियों से मुलाकात की। बातचीत की साथ ही उन्होंने पैदल शिमला पार्क नाके तक का दौरा किया। इस दौरान अनिल शिंदे ने कहा के मुंब्रा बहुत ही शांतिपूर्ण शहर है। यहां पर कभी किसी भी धार्मिक या किसी बात को लेकर कोई हिंसा या उग्र आंदोलन नहीं होता है ।रमजान में यहाँ भीड़ बहुत बढ़ जाती है जिसको देखते हुए पोलिस और ट्रैफिक पोलिस अलर्ट है। उसके अलावा शहर के समाजसेवकों की ओर से भी ट्रैफिक के लिए अच्छा काम हो है। मैं इन नौजवान लड़कों और बहनों को बधाई देता हूँ और खास करके मुंब्रा वालों से कहूंगा कि बगैर जनता के सहयोग से पोलिस कुछ नहीं कर सकती इसलिए आपका सहयोग आपका आशीर्वाद इसी तरह से बना रहे।

अमन और शांति के साथ रमजान और ईद मनाएं रोड पर मार्किट में किसी को कोई तकलीफ न पहुंचे। ड्राइवरों को भी ध्यान देना चाहिए खासकर बाइक और रिक्शा वाले भाई कैसे पार्क करना है और कहाँ पार्क करना है यह हर किसी के लिए सामान्य ज्ञान है। कुछ लोग जानबूझकर गलत तरीके से बाइक रिक्शा गाड़ियां पार्क करते हैं जिस से समस्या पैदा होती है। उन्होंने कहा कि आज आर एस पी के और मस्जिद के,शिमला पार्क के लोग कैसे यहाँ ध्यान दे रहे है ऐसे ही सभी को अपनी जिम्मेदारी समझना चाहिए। उन्होंने ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे और मुंब्रा पुलिस की तरफ से सभी को रमजान की बधाई दी। उन्होंने समाज के कार्यकताओं से मुलाकात की। इस समय यहां पर गौसिया मस्जिद के जिम्मेदार सलाउद्दीन शेख,नावेद कुरैशी, आरिफ शैख के इलावा मौलाना सगीर बरकाती,अख्तर खान,अजीज शेख ,आरएसपी के तैयब खान और अन्य उपस्थित थे।

फास्ट ट्रैक

## रोडवेज बस और रोड रोलर की टक्कर

### 60 यात्रियों से भरी बस हादसे का शिकार, 20 घायल; चालक-परिचालक फरार

शाहजहांपुर, एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। सीतापुर डिपो की रोडवेज बस की पीडब्ल्यूडी के रोड रोलर से टक्कर हो गई। हादसे में बस में सवार 20 यात्री घायल हो गए। रुपैडिया से हरिद्वार जा रही बस में 60 यात्री सवार थे। रोजा थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर-लखीमपुर मार्ग पर दियूरिया के पास यह हादसा हुआ। सड़क किनारे खड़े पीडब्ल्यूडी के रोड रोलर से बस टकरा गई। हादसे के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बस चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने चीख-पुकार सुनकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल 8 यात्रियों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। अन्य घायलों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस फरार चालक और परिचालक की तलाश कर रही है।

## ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से सरकारी वकील की मौत

### कचहरी से घर लौटते वक्त हादसा, चालक फरार



शाहजहांपुर , खुदागंज थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में सरकारी वकील की मौत हो गई। तिलहर कचहरी में ग्राम समाज के सरकारी अधिवक्ता अजय कुमार गुप्ता कचहरी से अपने गांव देवरास लौट रहे थे। ग्राम कमलापुर के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि अजय कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही खुदागंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी सत्य प्रकाश के अनुसार, फरार ट्रैक्टर-ट्राली चालक की तलाश जारी है। प्रार्थना पत्र मिलने पर मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ग्राम पंचायत चेंदुली की प्रधान को मिला दोहरा सम्मान

### राष्ट्रपति पुरस्कार के बाद विधायक ने किया सम्मानित, गांव में विकास कार्यों का लिया जायजा

मिर्जापुर, मिर्जापुर के विकास खंड पहाड़ी के ग्राम पंचायत चेंदुली में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। मझवां विधायक ने राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रधान गुंजा सिंह का सम्मान किया। उन्होंने प्रधान को मां विंध्यवासिनी की प्रतिमा और चुनरी भेंट की। गुंजा सिंह को इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर दिल्ली के परेड ग्राउंड में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया था। यह सम्मान उन्हें ग्राम सभा में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला। इनमें स्वच्छता अभियान, सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण और डिजिटल सेवाओं की उपलब्धता प्रमुख हैं। विधायक ने इस अवसर पर गांव का दौरा किया। उन्होंने पेयजल, बिजली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। विधायक ने क्षेत्र के विकास के लिए अपनी निधि से सहयोग का आश्वासन दिया।

# अंबरनाथ में शिवगंगा नगर परिसर के लोग अनियमित जलापूर्ति के विरोध में उपोषण पर बैठे

### नागरिकों ने कहा मजीप्रा जलापूर्ति की समस्या दूर करे,अन्यथा बड़ा आंदोलन होगा।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अंबरनाथ.अंबरनाथ पूर्व के शिवगंगा नगर परिसर के नागरिक विगत 15 दिनों से अनियमित जलापूर्ति संकट का सामना कर रहे हैं। विगत 15 दिनों से परिसर के लोगों को पानी की आपूर्ति समय पर और उचित मात्रा में न हो पाने के कारण दैनिक कार्यों को करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी परिस्थिति में पूर्व नगरसेवक रविन्द्र पाटिल के नेतृत्व में परिसर के लोगों ने अंबरनाथ पूर्व स्थित शिवगंगा परिसर के रिक्शा स्टैंड के सामने भूख हड़ताल पर बैठकर महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण की कार्यप्रणाली और अनियमित जलापूर्ति के लिए विरोध प्रदर्शन किया ।नागरिकों का कहना है कि विगत 15 दिनों से पानी की आपूर्ति नियमित न होने से खासकर घरों की महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हम लोग बिल बराबर भरते है लेकिन घरों में लगे हुए 80 प्रतिशत मीटर खराब हैं। इस भूख हड़ताल से भी हमारी समस्या दूर न हुई तो हम सीधा मजीप्रा कार्यालय के बाहर जोरदार आंदोलन करेंगे ।पूर्व नगरसेवक रविन्द्र पाटिल का कहना है कि मजीप्रा द्वारा जलापूर्ति की अनियमित व्यवस्था से शिवगंगा नगर परिसर के लगभग 6500 नागरिकों को पानी की समस्या से सामना करना पड़ रहा है। भूख हड़ताल की जानकारी मिलने पर मजीप्रा के कार्यकारी अभियंता मिलिंद देशपांडे ने लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं का समाधान करके 2 से 3 दिनों के अंदर नियमित जलापूर्ति का आश्वासन दिया। इस उपोषण आंदोलन में पूर्व नगरसेवक रविन्द्र पाटिल,पूर्व नगरसेविका कृष्णा भोईर के साथ परिसर के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बदलापुर नपा मुख्याधिकारी मारुति गायकवाड ने संपत्ति कर वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया

### बड़े बकाएदारों के नाम बैनर के माध्यम से शहर भर में लगाए गए।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




बदलापुर. बदलापुर नगर पालिका के मुख्याधिकारी मारुति गायकवाड ने संपत्ति कर वसूली अभियान और बड़े बकाएदारों के विरुद्ध सख्ती को लेकर गंभीर रुख अख्तियार कर लिया है। मंगलवार को संपत्ति कर जमा न करने वाले बड़े बकाएदारों के नाम वाले बैनर शहर भर में लगवाए गए ताकि उन्हें अपनी गलती का अहसास हो सके और वे बकाया संपत्ति कर जमा कर सके ।मुख्याधिकारी द्वारा ऐसी कार्यवाही से बकाएदारों में हड़कंप मच गया और शहर भर में ये चर्चा का विषय बन गया। विगत दिनों से कुलगांव-बदलापुर नगर पालिका द्वारा अपनी वित्तीय आय के महत्वपूर्ण स्रोत संपत्ति कर, गृहकर की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कुलगांव-बदलापुर नपा में कुल 1 लाख 23 हजार 273 नागरिक संपत्ति मालिक है,इनमें 14 हजार 365 व्यावसायिक और 642 औद्योगिक संपत्तियों सहित कुल 1 लाख 38 हजार 280 संपत्तियां शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में संपत्ति कर की अनुमानित आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद है और कर भुगतान लगभग 81 करोड़ 84 लाख होने का अनुमान लगाया जा रहा है। नपा कर संग्रह विभाग के अधिकारी संपत्ति मालिकों से करों को जमा करने के लिए निरंतर आह्वान कर रहे हैं लेकिन बकाएदारों द्वारा आदेशों की अवहेलना की जा रही है। अंततः नपा मुख्याधिकारी मारुति गायकवाड को ऐसा कड़ा रुख अपनाना पड़ा। मुख्याधिकारी द्वारा 5 विशेष टीमें नियुक्त की गई हैं और बकायेदारों की संपत्ति जब्त करने का अभियान चलाया गया है। इस जब्ती अभियान में इन टीमों ने 52 संपत्तियों को जब्त कर 64 लाख 14 हजार 893 रुपए की धनराशि वसूल की है। लेकिन इसके बाद भी कई बकायेदारों ने ज्यादा रुचि नहीं दिखाई। भुगतान की अंतिम तिथि 31 मार्च है। आगे देखने वाली बात ये है कि इस तरह के हथकंडे अपनाने से संपत्ति करो को जमा करने में बकायेदार कितनी दिलचस्पी दिखाते हैं और नपा को इससे कितना आर्थिक लाभ होता है। कुलगांव-बदलापुर नगर पालिका द्वारा बड़े बकाएदारों के नाम बैनर के माध्यम से प्रदर्शित किए गए उनमें शहर के आठ बड़े बिल्डरों समेत कुल 145 बकाएदार शामिल है। इन बकायेदारों से कुल 1 करोड़ 86 लाख के राजस्व की वसूली की जानी है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष को एडवोकेट अरुण सिंह (राजू) ने दी बधाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रतापगढ़ ( उप्र ),भारतीय जनता पार्टी प्रतापगढ़ जिला अध्यक्ष पद पर आशीष श्रीवास्तव की पुनः नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए युवा समाजसेवी और मान्धाता चतुर्थ सीट से जिला पंचायत सदस्य पद भावी प्रत्याशी एडवोकेट अरुण सिंह (राजू) बधाई दी है।उन्होंने कहा कि आशीष श्रीवास्तव का पिछला कार्यकाल सराहनीय रहा है संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिली है।समाज के सभी वर्गों का भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है, एडवोकेट अरूण सिंह (राजू) ने कहा कि आशीष श्रीवास्तव को पुनः प्रतापगढ़ जिले की कमान मिलना हम सभी के लिए गौरव की बात है। एडवोकेट अरूण सिंह (राजू) ने कहा कि प्रतापगढ़ में भाजपा लगातार मजबूत हो रही है। एक बड़े और मजबूत राजनीतिक दल के रूप में खड़ी है। बताते चलें कि एडवोकेट अरुण सिंह (राजू) मान्धाता चतुर्थ सीट से जिला पंचायत सदस्य पद भावी प्रत्याशी हैं। जनता के बीच जनसंपर्क करते हुए उनके बीच बने हुए हैं एडवोकेट अरुण सिंह (राजू) क्षेत्र के विकास और युवा वर्ग के लिए कुछ विशेष और अच्छा काम करने की योजना लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। एडवोकेट अरुण सिंह (राजू) के प्रति जनता का विश्वास बढ रहा है और जमीनी स्तर पर मजबूती मिल रही है।

# घर में घुसकर दबंगों ने की मारपीट, जेवर- मोबाइल लूटे

- जलालाबाद में पीड़िता ने शिकायत की, लेकिन पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना जलालाबाद क्षेत्र के ग्राम सरखंडा में एक विधवा महिला के घर दबंगों ने हमला किया। यह घटना 14 मार्च की है, जिसका वीडियो सामने आया। पीड़ित महिला उर्मिला ने सीओ जलालाबाद को शिकायती पत्र सौंपा है। उनका आरोप है कि गांव के ही रामवक्स, वेदराम, छोटेलाल और रामभरोसे ने पुरानी रंजिश के चलते उनके घर में घुसकर तोड़फोड़ की। आरोपियों ने अलमारी तोड़ दी और कीमती सामान लूट लिया। महिला और उनके बेटे पिंटू के साथ मारपीट की गई। दोनों के मोबाइल फोन भी छीन लिए गए। आरोपी उनकी बहू की अलमारी में रखे सोने के जेवर भी ले गए। इनमें सोने का हार, झुमकी, अंगूठी, मंगलसूत्र और चांदी का कमर बिछुआ व पायल शामिल हैं। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने अभी तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। वह न्याय के लिए दर-दर भटक रही हैं। महिला ने मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है।



# कोतवाली मान्धाता में तीन गैंगस्टर की गिरफ्तारी, तीन आरक्षियों को एस पी ने किया सम्मानित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रतापगढ़ (उप्र ) , कोतवाली मान्धाता अपराध को रोकने और अपराधियों की धर-पकड़ को लेकर सख्त नजर आ रही है। कोतवाली मान्धाता के आरक्षियों ने तीन गैंगस्टर को गिरफ्तार कर सराहनीय कार्य किया है। तीन गैंगस्टर की गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाने वाले तीन आरक्षी को अपराधी की पतारसी, सुरागती के लिए पुलिस अधीक्षक ने आरक्षी अंकित कुमार, सुनील यादव, विनोद कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। थानाध्यक्ष सुभाष कुमार यादव ने तीनों आरक्षियों की हौसला अफजाई करते हुए बधाई देते हुए कहा कि मान्धाता पुलिस की टीम अपराधी और अपराध को लेकर पूरी तरह सख्त है। आरक्षी अंकित कुमार, आरक्षी सुनील यादव, आरक्षी विनोद कुमार के सहयोग से थाना मान्धाता पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 40/2025 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 में 03 वांछित अभियुक्तों, 1-अमित सिंह पुत्र उदय बहादुर सिंह निवासी ग्राम हिन्दूपुर हैसी परजी थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़, 2-राजकमल पटेल पुत्र रामपाल निवासी ग्राम बुआपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़, 3- रजत मिश्रा पुत्र सुधीर मिश्रा निवासी ग्राम रामपुर मुस्तर्का रोड रामपुर थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ को जनपद प्रतापगढ़ के भिन्न भिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली मान्धाता के बीट आरक्षियों की सतर्कता से एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। प्रतापगढ़ पुलिस अपराध नियंत्रण, संगीन धाराओं में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु बीट पुलिसिंग प्रणाली को मजबूत किया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि कोतवाली मान्धाता के बीट आरक्षियों ने गैंगस्टर अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर शिकंजा कसा है। बीट आरक्षियों अंकित कुमार, सुनील यादव और विनोद कुमार साये की तरह गैंगस्टर पर पैनी नजर बिछाएं हुए थे।

# तेज रफ्तार कार ने मोमोज ठेले को मारी टक्कर

### मिर्जापुर में बच्चे समेत 3 घायल, लोगों ने तोड़ा कार का शीशा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, विंध्याचल धाम के नए वीआईपी मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार ने बड़ा हादसा कर दिया। अयोध्या से आए एक भक्त की कार ने मोमोज विक्रेता के ठेले समेत तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में सबसे ज्यादा नुकसान भीख मांगने वाले राकेश को हुआ।

कार का पहिया उसके दाहिने हाथ पर चढ़ गया। इसके बाद कार ने एक दुकान को भी टक्कर मार दी। वहां खड़े 4 वर्षीय बालक आकाश कुमार के सिर और पैर में चोट आई है। घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। भीड़ ने कार का शीशा तोड़ दिया। घायल भिखारी की हालत गंभीर बताई जा रही है। मोमोज की दुकान का सामान भी नुकसान हुआ है। सभी घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि विंध्याचल कॉरिडोर के परिक्रमा पथ तक वाहनों की बेरोकटोक आवाजाही धाम में आने वाले भक्तों के लिए परेशानी बन गई है। कई बार वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। इससे दूर से आने वाले भक्तों को पैदल चलने में भी दिक्कत होती है। इस बार बड़ा हादसा टल जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है।

# ट्यूबवेल की टंकी में मिली व्यक्ति की लाश

### पानी में डूबने से मौत की आशंका, फसल देखने गया था खेत



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना सदर बाजार क्षेत्र में फसल देखने गए युवक की खेत में बने ट्यूबवेल की टंकी में मिला। सुनील बुधवार दोपहर करीब एक बजे खाना खाकर घर से निकला था। जब वह रात तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खेतों में काम करने गए ग्रामीणों को एक ट्यूबवेल की टंकी में उनका शव देख करके परिजनों को सूचना दी। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को भी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने खेत मालिक और मृतक के परिवार से पूछताछ की। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सुनील की मौत टंकी में भरे पानी में डूबने से हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शराब पीकर नाले में गिरा व्यक्ति, अगली सुबह मौत



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर , पुवायां नगर के आजाद नगर में एक व्यक्ति की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 55 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई है। धर्मेंद्र शराब के नशे में नाले में गिर गए। परिवार और मोहल्ले वालों ने उन्हें बाहर निकाला और नहलाकर कमरे में सुला दिया। गुरुवार सुबह परिवार को धर्मेंद्र मृत मिले। किसी अज्ञात व्यक्ति की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सूचना में बताया गया कि नाले में गिरने से पहले परिवार में झगड़ा हुआ था। पुलिस ने शक के आधार पर मृतक के बेटे आनंद कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# तुर्किये में विपक्षी नेता की गिरफ्तारी के बाद प्रदर्शन शुरू

## 100 से ज्यादा लोग हिरासत में, इस्तांबुल में सड़कें, मेट्रो स्टेशन बंद

एजेंसी

अंकारा, तुर्किये में इस्तांबुल के मेयर और विपक्षी नेता इकरम इमामुलू की गिरफ्तारी के बाद देशभर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। प्रदर्शनकारी सड़कों, यूनिवर्सिटी और मेट्रो स्टेशनों पर सरकार विरोधी नारे लगा रहे हैं। कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प की भी खबर है। इसके जवाब में सरकार ने देश के सबसे बड़े शहर इस्तांबुल में 4 दिन के लिए सार्वजनिक समारोह करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही कई सड़कों और मेट्रो लाइनों को भी बंद कर दिया गया है। पुलिस ने 100 से ज्यादा लोगों को हिरासत में ले लिया है। इसमें कई नेता और पत्रकार शामिल हैं। 22 साल से सत्ता में रहे राष्ट्रपति एर्दोगन के खिलाफ यह सबसे बड़े प्रदर्शनों में से एक माना जा रहा है। इमामुलू भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार हुए इमामुलू (54 साल) आधुनिक तुर्की के निमार्ता मुस्तफा कमाल पाशा की पार्टी रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी (सीपीएच) के नेता हैं। उन्हें 23 मार्च को राष्ट्रपति



उम्मीदवार बनाया जाना था, लेकिन इससे पहले ही उन्हें भ्रष्टाचार और एक आतंकी संगठन की मदद करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। इमामुलू की पार्टी सीपीएच ने इस गिरफ्तारी की निंदा करते हुए इसे अगले राष्ट्रपति के खिलाफ तख्तापलट बताया। मुख्य विपक्षी दल- रिपब्लिकन पीपल्स पार्टी (सीएचपी) नेता ओजगुर ओजेल ने विपक्षी दलों से एकजुट होने की अपील की है। ओजेल ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद भी इमामुलू को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया जाएगा। इस बीच इमामुलू की गिरफ्तारी के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने विपक्षी पार्टी से राष्ट्रपति चुनावों का बहिष्कार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश में अब निष्पक्ष और लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव संभव नहीं हैं। वहीं, तुर्की सरकार ने विपक्ष के सभी आरोपों को सिरे से नकारते हुए कहा कि देश की न्याय पालिका स्वतंत्र है। इमामुलू की गिरफ्तारी से पहले इस्तांबुल यूनिवर्सिटी ने उनकी डिग्री को रद्द कर दिया था। इससे उनकी उम्मीदवारी संदेह में पड़ गई है। तुर्किये के संविधान के मुताबिक, राष्ट्रपति बनने के लिए उम्मीदवार का हायर एजुकेशन पूरी करना जरूरी है। अगर, अदालत अपना फैसला नहीं बदलती तो उन्हें राष्ट्रपति चुनाव लड़ने से रोक दिया जाएगा। एर्दोगन समर्थित उम्मीदवार को हराकर लोकप्रिय हुए इमामुलू इकरम इमामुलू राष्ट्रपति एर्दोगन के प्रशासन के खिलाफ एक मजबूत विपक्षी चेहरा बनकर उभरे हैं। रियल स्टेट करियर में हाथ आजमाने के बाद 43 साल की उम्र में उन्होंने राजनीति की ओर रुख किया था। वे सीपीएच पार्टी के लिए बेलिकडुजू जिले के मेयर चुने गए। इमामुलू साल 2019 तक देश में ज्यादा लोकप्रिय नहीं थे। लेकिन 2019 के इस्तांबुल मेयर चुनाव में राष्ट्रपति एर्दोगन के समर्थक उम्मीदवार को हराने के बाद वे बेहद मशहूर हो गए। इस चुनाव में उन्हें 41 लाख वोट मिले और उन्होंने 13 हजार वोटों से जीत हासिल की। हालांकि वे एक महीने से भी कम समय तक मेयर रह पाए। अनियमितताओं का आरोप लगाए जाने के बाद चुनाव अधिकारियों ने चुनाव को रद्द कर दिया और उन्हें पद से हटा दिया। फिर से चुनाव कराने का आदेश दिया गया।

इसके बाद फिर से जून 2019 में चुनाव हुए जिसमें उन्होंने अपने विरोधी उम्मीदवार को करीब 8 लाख वोटों से हराया। उनकी जीत ने उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। एर्दोगन समर्थित उम्मीदवार को तीसरी बार हराया मेयर बनने के बाद उन्होंने शहर के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काफी काम किया।

# इलॉन मस्क की एक्स ने भारत सरकार पर केस किया

## कहा- भारतीय अधिकारी कंटेट ब्लॉक कर रहे, यह आईटी एक्ट का दुरुपयोग

एजेंसी

नई दिल्ली, इलॉन मस्क की कंपनी एक्स ने कर्नाटक उच्च न्यायालय में भारत सरकार के खिलाफ एक याचिका दायर की है। इसमें आईटी एक्ट की धारा 79(3)(बी) के इस्तेमाल के तरीके को चुनौती दी गई है। एक्स ने शिकायत में कहा है कि भारत में कळ एक्ट का गलत इस्तेमाल हो रहा है। इसके जरिए सरकार कंटेंट ब्लॉक कर रही है। सेंसरशिप का यह तरीका पूरी तरह से गैरकानूनी है और अभिव्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन है। सोशल मीडिया कंपनी का कहना है कि अगर कंटेंट इतनी आसानी से हटने लगें तो वे यूजर्स का भरोसा खो देंगे,





जिससे कंपनी के कारोबार पर असर पड़ेगा। सहयोग पोर्टल के जरिए कंटेंट हटा रही सरकार एक्स कार्प ने आईटी एक्ट के सेक्शन 79(3)(बी) के इस्तेमाल पर चिंता जताई है। एक्स का तर्क है कि इस एक्ट के तहत सरकार को कंटेंट हटाने का अधिकार नहीं है लेकिन अधिकारी इसे सेक्शन 69(ए) की जगह पर इस्तेमाल कर रहे हैं। सोशल मीडिया कंपनी ने आरोप लगाया कि सरकार सहयोग नाम के पोर्टल के जरिए कंटेंट को ब्लॉक करती है। इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर इस पोर्टल का संचालन करती है। गृह मंत्रालय के इशारों पर पुलिस और सरकारी विभाग कंटेंट हटाने का ऑर्डर देते हैं। एक्स का दावा है कि भारत में सरकारी अधिकारी उचित कानूनी प्रक्रियाओं को दरकिनार कर रहे हैं और ऑनलाइन कंटेंट को ब्लॉक करने के लिए एक अवैध सिस्टम को खड़ा कर रहे हैं। एक्स ने कहा है कि सहयोग पोर्टल किसी सेंसरशिप पोर्टल की तरह काम कर रहा है, लिहाजा इसको नियमों के मुताबिक उठाया गया कदम नहीं माना जा सकता है। एक्स पर नोडल ऑफिसर नियुक्त करने का दबाव एक्स ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी सेक्शन 69(ए) सेक्शन को ही मंजूरी दी है। जबकि सहयोग पोर्टल में कोई पारदर्शिता नहीं है। एक्स कार्प ने कहा कि हजारों अधिकारी बिना किसी नियम के ऑर्डर दे रहे हैं। कंपनी को नोडल ऑफिसर बनाने का भी दबाव है। एक्स ने याचिका में कहा कि कोई भी कानून कंपनी को सहयोग पोर्टल में शामिल होने के लिए बाध्य नहीं करता है।

# इजराइल ने गाजा में टैंक उतारे, जमीनी हमले शुरू

## रक्षामंत्री काट्ज बोले– बंधक नहीं लौटाए तो हमास को पूरी तरह बर्बाद कर देंगे

एजेंसी

इजराइल, गाजा में एक बार फिर से टैंक उतारकर जमीनी हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के मुताबिक उसने गाजा पट्टी के सेंट्रल और साउथ के हिस्सों में ग्राउंड ऑपरेशन चालू किया हैं। आईडीएफ के इस ग्राउंड ऑपरेशन का मकसद नॉर्थ और साउथ गाजा के बीच एक बफर जोन बनाना और इजराइल बॉर्डर से लगे सिक्योरिटी जोन का विस्तार करना है। नॉर्थ और साउथ गाजा को अलग करने वाले नेतजारिम कॉरिडोर में आईडीएफ की 252वीं डिवीजन के सैनिक दाखिल हो गए हैं। इसके आधे से ज्यादा इलाके पर सेना ने कब्जा भी कर लिया है। दूसरी तरफ रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने बंधकों को नहीं लौटाने पर हमास को पूरी तरह बर्बाद करने की धमकी दी है। बुधवार रात यरूशलम में नेतन्याहू के खिलाफ हजारों लोग सड़क पर प्रदर्शन करने उतरे। ये प्रदर्शनकारी इजराइली खुफिया एजेंसी शिन बेट के चीफ रोनन बार और अटॉर्नी जनरल गली बहाराव-मियारा को पद से हटाने और गाजा में दोबारा जंग शुरू करने के फैसले का विरोध कर रहे थे। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी हुई। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए वाटर कैनन से पानी की बौछार की। सड़कें जाम करने के आरोप में पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। अटॉर्नी जनरल गली बहाराव-मियारा ने शिन बेट के चीफ रोनन बार को हटाने के फैसले



को अवैध करार दिया था। इसके बाद नेतन्याहू ने मियारा को भी पद से हाटने का फैसला किया है। नेतन्याहू पर आरोप है कि वो रोनन को इसलिए हटाना चाहते हैं, जिससे हमास और कतर के साथ नेतन्याहू के सहयोगियों की गुप्त डील की जांच रोकी जा सके। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के पूर्व चीफ तामिर पारदो ने नेतन्याहू को देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताया है। इजराइल ने गाजा में हमास के प्रधानमंत्री इस्साम दिब अब्दुल्ला अल-दालीस को मार गिराया है। इजराइल डिफेंस फोर्सेस ने बुधवार को अब्दुल्ला की मौत की पुष्टि की। अब्दुल्ला ने जुलाई 2024 में रूही मुश्ताहा की मौत के बाद उसकी जगह ली थी। अब्दुल्ला गाजा में हमास की सरकार चलाता था। उसके पास हमास के संगठन और लड़ाकों की गतिविधियों की जिम्मेदारी भी थी। पिछले 24 घंटे में इजराइल ने हवाई हमलों में हमास के 3 बड़े लीडर्स को भी मार गिराया है। इनमें हमास के कमांडर और पॉलिटिकल लीडर महमूद मारजूक अहमद अबू-वत्फा, बहजत हसन मोहम्मद अबू-सल्तान और अहमद ओमर अब्दुल्ला अल-हाता शामिल हैं। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने मंगलवार को हमास को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर बंधकों को रिहा नहीं किया तो गाजा में नरक के दरवाजे खोल देंगे। हमास ने इजराइली हवाई हमलों को सीजफायर का उल्लंघन बताया। हमास ने धमकी दी है कि इस कदम से उसकी कैद में मौजूद इजराइली बंधकों की जान खतरे में आ गई है। हमास ने कहा कि इजराइल ने बिना किसी उकसावे के हमले किए हैं। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने यह हमले इसलिए कराए क्योंकि सीजफायर पर हो रही बातचीत आगे नहीं बढ़ रही थी। नेतन्याहू कई बार फिर से जंग शुरू करने की धमकी दे चुके हैं। इजराइल ने पिछले दो हफ्तों से गाजा में भोजन, दवाइयों, ईंधन और अन्य सप्लाई को रोक दिया है और मांग की है कि हमास सीजफायर समझौते में बदलाव स्वीकार करे। सीजफायर का पहला फेज 1 मार्च को खत्म हो गया है। पहले फेज में हमास ने 33 बंधक छोड़े हैं, इनमें 8 शव शामिल हैं।

# अमेरिका में भारतीय छात्र बदर खान सूरी गिरफ्तार

## हमास के लिए प्रोपेगैंडा फैलाने का आरोप; वापस भारत भेजा जा सकता है

एजेंसी

वॉशिंटन डीसी, अमेरिका के इमिग्रेशन अधिकारियों ने सोमवार रात एक भारतीय छात्र बदर खान सूरी को वर्जीनिया से गिरफ्तार किया है। सूरी पर अमेरिका में हमास के समर्थन में प्रोपेगैंडा फैलाने का आरोप है। अमेरिकी सरकार विदेश नीति का विरोध करने वाले छात्र कार्यकताओं पर कार्रवाई कर रही है। सूरी को भी इसी के तहत गिरफ्तार किया गया है। सूरी पर इजराइल का विरोध करने का आरोप है। बदर सूरी स्टूडेंट



एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत अमेरिका की जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी का छात्र है। वह सेंटर फॉर मुस्लिम-क्रिश्चियन अंडरस्टैंडिंग में पोस्ट डॉक्टोरल फैलो के रूप में पढाई कर रहा है। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग में सहायक सचिव ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि सूरी सक्रिय तौर पर हमास का प्रचार कर रहा था। वह सोशल मीडिया पर यहूदी विरोधी भावना को बढ़ावा दे रहा था। उसे अमेरिका से निर्वासित किया जा सकता है। हमास का समर्थन करने पर भारतीय छात्रा का वीजा रद्द अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में पढ़ रही भारतीय छात्रा रंजनी श्रीनिवासन का इसी महीने वीजा रद्द कर दिया गया था। श्रीनिवासन पर आरोप था कि वो 'हिंसा-आतंकवाद को बढ़ावा देने' और हमास का समर्थन करने वाली गतिविधियों में शामिल थीं। वीजा रद्द होने के बाद रंजनी अमेरिका छोड़ चुकी हैं। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) के मुताबिक रंजनी को एफ-1 स्टूडेंट वीजा के तहत कोलंबिया यूनिवर्सिटी के अर्बन प्लानिंग में पीएचडी करने के लिए एडमिशन मिला था।

अमेरिकी विदेश विभाग ने 5 मार्च को उनका वीजा निरस्त कर दिया था।

# दिल्ली में मंत्रियों के आवास का आवंटन शुरू, सीएम आवास पर फैसला अभी बाकी



एजेंसी

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार 6, फ्लैग स्टाफ रोड स्थित बंगले को राज्य अतिथि गृह के रूप में इस्तेमाल करने की योजना बना रही है, जिसे भाजपा नेता शीश महल कहते हैं। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री (सीएम) अरविंद केजरीवाल 2015 से अक्टूबर 2024 तक इस बंगले में रहे और इसके जीर्णोद्धार पर 33.66 करोड़ रुपये खर्च किए। फरवरी में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपने अभियान के दौरान भाजपा ने जनता के पैसे के इस व्यय के लिए केजरीवाल पर हमला किया था और वचन दिया था कि उनके मुख्यमंत्री इस शीश महल में नहीं रहेंगे।

ऐसे में रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री बनने के बाद शालीमार बाग में अपने पारिवारिक घर में रह रही हैं, जबकि भाजपा सरकार शीश महल के संसाधन का उपयोग करने के तरीकों पर विचार कर रही है। एक अधिकारी ने दिल्ली में एक राज्य अतिथि गृह की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, अन्य राज्यों की तरह शहर में ऐसा कोई भवन नहीं है। संपत्ति (6, फ्लैग स्टाफ रोड) को इस तरह की सुविधा में परिवर्तित करने पर विचार किया जा रहा है, क्योंकि यह क्षेत्र और स्थान पर स्थित है। वहीं,

**ऐसे में रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री बनने के बाद शालीमार बाग में अपने पारिवारिक घर में रह रही हैं, जबकि भाजपा सरकार शीश महल के संसाधन का उपयोग करने के तरीकों पर विचार कर रही है।**

दिल्ली में नई भाजपा सरकार के मंत्रियों को सरकारी आवास आवंटित करने का काम शुरू हो गया है, जबकि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के लिए उपयुक्त आवास की तलाश अभी भी जारी है। दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सभी मंत्रियों, स्पीकर, डिप्टी स्पीकर और विपक्ष के नेता को सरकारी आवास देने की पेशकश की है। एक सरकारी सूत्र ने बताया कि वे दिल्ली सचिवालय के नजदीक मुख्यमंत्री के लिए उपयुक्त घर की तलाश कर रहे हैं। सूत्र ने बताया, ₹लुटियंस दिल्ली में कुछ बंगले देखे गए हैं, लेकिन अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है ।दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि उन्हें राज निवास के पास सिविल लाइंस इलाके में एक बंगला आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा, ₹मैं नवरात्रि के दौरान आधिकारिक आवास में चला जाऊंगा।₹ सूत्रों ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को लुटियंस दिल्ली में तिलक मार्ग स्थित बंगला फिर से आवंटित किया गया है

# गठबंधन नहीं, बंगाल में 'एकला चलो' की तैयारी में कांग्रेस

एजेंसी

नई दिल्लीः दिल्ली विधानसभा चुनावों में मिली करारी शिकस्त के बाद अब कांग्रेस पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों को लेकर अभी से तैयारी में जुट गई है. इस बार कांग्रेस राज्य में अकेले चुनाव लड़ने की योजना बना रही है. वहीं, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल कांग्रेस के नेताओं के साथ हुई बैठक में साफ संदेश देते हुए टीएमसी शासित राज्य में 2026 के चुनावों से पहले सभी 294 विधानसभा सीटों पर अपनी मजबूत पकड़ बनाने को कहा है. उन्होंने पार्टी के नेताओं से लोगों के बीच जाकर मिलने को कहा है.कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों ने 2021 का विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ा था, लेकिन 294 सदस्यीय सदन में एक भी सीट नहीं जीत सके. 2024 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस राज्य की 42 संसदीय सीटों में से केवल एक सीट ही जीत सकी। हालांकि, आने वाले चुनाव में कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ने की योजना बना रही है.2024 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस राज्य की 42 संसदीय सीटों में से केवल एक ही जीत सकी. राहुल गांधी ने बुधवार को राज्य के सीनियर नेताओं के साथ अगले साल होने वाले चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति की समीक्षा की. राहुल ने राज्य के नेताओं से कहा कि कांग्रेस के पास राज्य में आगे बढ़ने का अवसर है

# 'भाजपा को किसानों की कोई परवाह नहीं', अखिलेश यादव का केंद्र सरकार पर निशाना

एजेंसी

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को किसानों के विरोध प्रदर्शन के मुद्दे पर भाजपा नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें किसानों की कोई परवाह नहीं है। भाजपा पर निशाना साधते हुए यादव ने कहा कि किसी भी सरकार को किसानों के साथ अन्याय नहीं करना चाहिए, इसलिए उनकी मांगों पर चर्चा होनी चाहिए। पत्रकारों से बातचीत में सपा प्रमुख ने



कहा कि जहां तक किसानों का सवाल है, भाजपा को उनकी कोई परवाह नहीं है। सपा प्रमुख ने कहा कि हमें जमीनी स्तर पर अपनी व्यवस्था को सुधारना है, किसानों को समृद्ध बनाना है। लेकिन भाजपा ऊपर से अर्थव्यवस्था को देखती है और बड़े लोगों को अमीर बनाती है... कहीं भी किसी भी सरकार को किसानों के साथ अन्याय नहीं करना चाहिए, उनकी मांगों पर चर्चा होनी चाहिए। इससे पहले आज किसान मजदूर संघर्ष समिति के सतनाम सिंह पन्नू ने संभू और खन्नौर सीमा से किसानों को बेदखल करने के लिए केंद्र और पंजाब राज्य सरकार दोनों की निंदा की। किसान मोर्चा द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में पन्नू ने कहा कि आज वे किसानों पर हो रहे

अत्याचार के खिलाफ हरियाणा और पंजाब में उपायुक्तों के कार्यालयों के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगे।इस बीच, हरियाणा-पंजाब शंभू सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है क्योंकि हरियाणा पुलिस ने किसानों की आवाजाही को रोकने के लिए सीमा पर लगाए गए कंक्रीट के बैरिकेड्स हटा दिए हैं, जहां वे विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे।


**महाराष्ट्र सरकार**
**लोक निर्माण विभाग**
**उत्तर मुंबई (पी.डब्ल्यू.) डिवीजन, अंधेरी**
**टेलीफोन नंबर 022–26231964**
**ई–टेंडर नोटिस संख्या 70/2024–2025**

ई–मेल पताः–दवतजीउनउइप.मम/उींचूक.बवउ टेलीफोन/फैक्स नंबरः–26231964/26205788 मुंबई उपनगरीय जिला (पश्चिमी उपनगर) श्रम सहकारी समिति लिमिटेड, मुंबई से ऑनलाइन ई–टेंडरिंग सिस्टम के माध्यम से बी–1 फॉर्म में निम्नलिखित कार्य के लिए ई–टेंडर आमंत्रित किया जाता है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (पी.डब्ल्यू.) डिवीजन, अंधेरी (डब्ल्यू), मुंबई–58 द्वारा पी.डब्ल्यू.डी में महाराष्ट्र सरकार के साथ पंजीकृत। निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https//mahatenders-gov-in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। समितियां केवल कॉलम 4 में उल्लिखित अपने उप–शहरी क्षेत्र के अनुसार आवेदन कर सकती हैं। किसी अन्य समिति पर विचार नहीं किया जाएगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रु. |
|---|---|---|
| 1 | पुलिस मुख्यालय द्वारा आरे वनराय गोरेगांव (पूर्व) मुंबई में बिल्डिंग नंबर 3 (चौथी मंजिल) में पुलिस कांस्टेबल क्वार्टरों की मरम्मत और नवीनीकरण का कार्य। | Rs. 1141596/- |
| 2 | तीन डोंगरी पुलिस क्वार्टर, गोरेगांव (पश्चिम) मुंबई में बिल्डिंग नंबर सी में पॉलिमर प्लास्टर, राइजर ट्रेड्स, डेडो टाइल्स, आरसीसी ग्रिल आदि सहित सीढ़ियों की मरम्मत। | Rs. 1307952/- |
| 3 | मुंबई के मलाड (पश्चिम) में आईटीआई बोरीवली के ग्राउंड फ्लोर पर ग्राउंड फ्लोर पैसेज और फॉल्स सीलिंग का नवीनीकरण। | Rs.2044858/- |
| 4 | मुंबई के मलाड (पश्चिम) में आईटीआई बोरीवली के ग्राउंड फ्लोर पर मुख्य कार्यालय का नवीनीकरण। | Rs.3140075/- |
| 5 | आई.टी.आई. बोरीवली, मलाड (ई), मुंबई में द्वितीय तल पर इंटीरियर डिजाइनिंग क्लास रूम का नवीनीकरण। | Rs.1759283/- |
| 6 | आई.टी.आई. बोरीवली, मलाड (पश्चिम), मुंबई में नई बिल्डिंग के दरवाजे/खिड़की का नवीनीकरण। | Rs.4587709/- |
| 7 | मुंबई के मलाड (पश्चिम) में आईटीआई बोरीवली में कॉन्फ्रेंस हॉल के नवीकरण, सिविल और फर्नीचर का कार्य। | Rs.3763114/- |
| 8 | मुंबई के मलाड (पश्चिम) में आईटीआई मालवणी मुख्य गेट कार्य की मरम्मत के लिए एमओडब्ल्यू। | Rs.1476185/- |
| 9 | एमओडब्ल्यू द्वारा आईटीआई बोरीवली, मलाड (पश्चिम), मुम्बई में कार्यालय फर्नीचर उपलब्ध कराना। | Rs.2043009/- |
| 10 | आई.टी.आई. बोरीवली, मलाड (पूर्व), मुंबई में नई बिल्डिंग के पीछे पार्किंग शेड का निर्माण। | Rs.1231775/- |
| 11 | बोरीवली आईटीआई, मुंबई के लिए एम.ओ.डब्ल्यू. (वर्षा संचयन प्रणाली उपलब्ध कराना) | Rs.1882666/- |
| 12 | बोरीवली आईटीआई, मलाड (पश्चिम), मुंबई के लिए एम.ओ.डब्ल्यू. (भूमि पर मिट्टी की कटाई और वृक्षारोपण संयंत्र बनाना) | Rs.1959394/- |
| 13 | बोरीवली आईटीआई, मलाड (पश्चिम), मुंबई में नए भवन में बाहरी प्लास्टर और पेंटिंग तथा पुराने मौजूदा भवन में आंतरिक पेंटिंग प्रदान करना। | Rs.3143458/ |

कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (पी.डब्लू.) प्रभाग, अंधेरी (पश्चिम) किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सभी पंजीकृत ठेकेदार ध्यान दें

**ई–निविदा जमा करने की तिथि– 21/03/2025 से 28/03/2025 बजे 15:00**
**ई–निविदा खोलने की तिथि–29/03/2025 बजे 15:00**

डीजीआईपीआर/2024–25/सी–7227

कार्यकारी अभियंता,
उत्तर मुंबई (पी.डब्लू.)
प्रभाग, अंधेरी (पश्चिम)

## संक्षेप

### जलभराव से परेशान किसान

**12 गांवों में 5 हजार बीघा जमीन बेकार, 50% किसान खेती नहीं कर पा रहे**

बांदा, जिले की बबेरू तहसील में जल निकासी की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। पिछले 10 वर्षों से किसान इस समस्या से जूझ रहे हैं। तहसील के अनवान, परयुवा, मझिला, अरथरा, गुजेनी, भभुवा, पिण्डारन, पारा बन्नू चैगम, सोनहुला, स्सोनहुली, मंठा और मिया बरौली गांवों में स्थिति चिंताजनक है। बरसात के दौरान पानी जमा होने से फसलें बर्बाद हो जाती हैं। इस कारण आधे से ज्यादा किसान खेती करने में असमर्थ हैं। लगभग 4-5 हजार बीघा कृषि योग्य भूमि का उपयोग नहीं हो पा रहा है। किसानों की आर्थिक स्थिति हर साल खराब होती जा रही है। कुछ किसान भुखमरी की स्थिति में पहुंच गए हैं। किसानों ने कई बार अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है। लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। किसानों ने जिलाधिकारी से राजस्व निरीक्षण की मांग की है। वे आपदा प्रबंधन के तहत समाधान चाहते हैं। नाला और पुलिया का निर्माण उनकी प्रमुख मांग है। किसानों का कहना है कि खेती ही उनकी आजीविका का एकमात्र स्रोत है। उन्होंने चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान न होने पर वे आंदोलन करेंगे।

### फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर बनकर मांगी 25 लाख की रंगदारी

**उत्तराखंड का आरोपी अमरोहा से गिरफ्तार, 4 अन्य साथी फरार**

अमरोहा, पुलिस ने एक ऐसे शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो खुद को सीबीआई इंस्पेक्टर बताकर व्यापारी से 25 लाख रुपये की रंगदारी मांग रहा था। आरोपी की पहचान भूपेंद्र सिंह रावत के रूप में हुई है, जो उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र के बेलोड़ी सतपुड़ी का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, 19 मार्च 2025 को थाना नौगांवा सादात में एक मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में चांद बीड़ी के मालिक इशरत अली ने बताया कि भूपेंद्र सिंह रावत समेत पांच लोगों ने खुद को सीबीआई इंस्पेक्टर बताकर फर्जी दस्तावेज दिखाए और उनसे 25 लाख रुपये की मांग की। इस मामले में कुल पांच आरोपी हैं - भूपेंद्र सिंह रावत, संतोष कुमार, इजराइल, नन्हा और समीम। इनमें से संतोष कुमार भी उत्तराखंड का रहने वाला है, जबकि बाकी तीन आरोपी अमरोहा के नई बस्ती इलाके के निवासी हैं।

### नमाज पढ़कर लौट रहे बुजुर्ग की मौत

**अमरोहा में अचानक गश खाकर जमीन पर गिरे, हार्ट अटैक की आशंका**

अमरोहा, जोया कस्बे में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। रमजान के दौरान मस्जिद से नमाज अदा करके लौट रहे 65 वर्षीय फुरकान की रास्ते में अचानक मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में दिख रहा है कि बुजुर्ग अचानक लड़खड़ाए और सड़क पर औंधे मुंह गिर पड़े। आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े। स्थानीय लोगों ने बुजुर्ग को तत्काल निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया।

# युवक ने 3 सेकेंड में बरसाए 3 बम

## प्रयागराज में दोस्तों संग बाइक से भागा, तेज धमाकों से दहशत में लोग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, कटरा इलाके में किराना व्यापारी के घर बाइक सवारों ने तीन बम फेंके। इसका वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि बाइक से उतर कर एक युवक ने 3 सेकेंड में तीन बम फेंके। फिर अपने 2 साथियों के साथ बाइक से भाग निकला। बमबाजी करते हुए युवक की फुटेज एक घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

वहीं मकान के मालिक ने पुलिस को घटना की फुटेज सौंपी। पुलिस कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना कर्नलगंज थाना क्षेत्र की है। बमबाजी से लोगों में दहशत है। व्यापारियों ने आरोपियों को अरेस्ट करने की मांग की है। पुराना कटरा कचहरी रोड के रहने वाले शिवम साहू ने पुलिस को बताया रात करीब 2 बजे



लगातार तीन तेज धमाकों की आवाज आई। इसे सुनकर लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। मैंने बाहर आकर देखा तो सड़क पर सन्नाटा था। सामने वाले प्लॉट से बारूद की महक आ रही थी और कुछ धुआं भी उठ रहा था। घर के सीसीटीवी चेक किए तो घटना की जानकारी हुई। मामले में कर्नलगंज थाने में तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक, तहरीर में किसी का नाम नहीं लिखा है और न ही विवाद का जिक्र है। अज्ञात में केस दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस की जांच में सीसीटीवी में सामने आया कि रात करीब 2 बजे एक बाइक पर दो युवक जाते हुए दिखे। बाइक के ठीक पीछे टोपी लगाए एक युवक पैदल आ रहा है। वह 2 बजकर 6 मिनट, 51 सेंकेंड पर पहला बम फेंकता है। फिर 52 सेकेंड पर दूसरा और 53 सेकेंड पर तीसरा बम फेंकता है। 54वें सेकेंड में वह बाइक की तरफ दौड़ते हुए निकल जाता है। असल में कटरा इलाके में प्लाट, मकानों के दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। कई ऐसे पुराने बंगले और मकान को लेकर विवाद चल रहा है।

करोड़ों की कीमत वाले कई प्लाट और मकान कब्जे को लेकर आए दिन बवाल होते हैं। पुलिस इस एंगल पर जांच कर रही है कि मकान या फिर प्लाट खाली कराने को लेकर यह घटना की गई है। बमबाजी कर मैसेज देने की कोशिश की गई है। कटरा छात्रों वाला इलाका भी है। ऐसे में छात्रों के वर्चस्व की लड़ाई को लेकर भी जांच की जा रही है। अशोक कुमार साहू ने बताया कि हम लोग सो रहे थे। रात करीब 2 बजे तेज धमाका हुआ। पहला बम घर के दरवाजे पर लगा। दूसरा और तीसरा बम दुकान के शटर पर मारा। इससे शटर डेढ़ा हो गया।

# महर्षि भारद्वाज वेद महाविद्यालय में भीषण आग

**हॉस्टल के कमरों में उठी लपटें, जान बचाकर भागे छात्र, इमारत विहिप अध्यक्ष रहे अशोक सिंघल की है**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, कमला नेहरू अस्पताल के पास इमारत में भीषण आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग महर्षि भारद्वाज वेद महाविद्यालय हाशिमपुर रोड की चार मंजिला इमारत में लगी। पूरी बिल्डिंग में लपटें उठने के बाद धुआं भर गया। ऐसे में हर कोई जान बचाकर बाहर भागा। इमारत में महर्षि भारद्वाज वेद महाविद्यालय के साथ ही हॉस्टल संचालित होते हैं। इस हॉस्टल में वेदपाठी छात्र रहते है। बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर बच्चों के रहने वाले हाल में शॉर्ट सर्किट से आग लगी।

हॉल में 15 बच्चों का सामान रखा हुआ था। पूरे हॉस्टल में कुल 30 बच्चे और शिक्षक रहते हैं। प्रधानाचार्य दीपक अवस्थी ने बताया कि घटना के समय सभी बच्चे नीचे भोजन कर रहे थे। धुआं उठता देख कर आग की जानकारी हुई। आग फैली तो बच्चों को वहां से निकाला गया। धुआं फैलने



की वजह से लोगों को दौड़ते भागते निकलना पड़ा। पहले सब ने आग बुझने का प्रयास किया लेकिन आग फैलती गई। यह बगला विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे अशोक सिंघल का है। उनके निधन के बाद यहां पर संस्कृत विद्यालय खोल दिया गया। इसका संचालन अशोक सिंघल की संस्था अरुंधति वशिष्ठ अनुसंधान पीठ करती है।

# दो नाबालिग लड़कियां लापता

- 14 साल की लड़की गुजरात भागी, 16 साल की युवक के साथ फरार; दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, दोस्तपुर में दो अलग-अलग मामलों में दो नाबालिग लड़कियां लापता हो गई हैं। पहला मामला एक 14 वर्षीय लड़की का है, जो छीटेपट्टी स्थित इंटर कॉलेज जा रही थी। मंदिर के पास से एक अज्ञात व्यक्ति ने उसका अपहरण कर लिया। लड़की ने



बाद में अपने परिवार को मोबाइल फोन से संपर्क किया। उसने बताया कि वह गुजरात जा रही है और स्टेशन पर पहुंच चुकी है। इसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। मोबाइल की लोकेशन ट्रेस होने से परिजनों को कुछ राहत मिली है। दूसरे मामले में एक 16 वर्षीय लड़की गांव के ही एक युवक के साथ भाग गई है। परिजनों का आरोप है कि युवक ने उसे बहला-फुसलाकर भगा लिया है। परिवार ने बताया कि एक साल पहले भी युवक लड़की से फोन पर बात करता था। इस बात की शिकायत करने पर दोनों परिवारों में विवाद हुआ था। थानाध्यक्ष पंडित त्रिपाठी के अनुसार, दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी और लड़कियों की बरामदगी के लिए लगाई गई हैं।

# बसपा प्रदेश अध्यक्ष बोले- सपा का भाजपा से गठजोड़

**कहा– राम गोपाल यादव और अमित शाह की मुलाकात पर क्या कहेंगे, सपा दलित विराधी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने जयसिंहपुर के गौरा गांव में पार्टी कार्यकताओं की बैठक में समाजवादी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा से मिलकर काम करने वाली पार्टी बसपा नहीं, बल्कि सपा है। विश्वनाथ पाल ने लोकसभा की एक वायरल फोटो का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि इस फोटो में सपा सांसद राम गोपाल यादव और अमित शाह की मुलाकात दिखाई गई है। राम गोपाल जी जेब से एक चिट्ठी निकाल रहे थे, जिसे अमित शाह ध्यान से देख रहे थे। जब चिट्ठी के बारे में पूछा गया तो राम गोपाल ने कहा कि यह कोड भाषा में है। बसपा नेता ने गठबंधन को लेकर भी सपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मायावती ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की। इस पर राम गोपाल यादव ने कहा था कि अगर



बसपा गठबंधन में आई तो वे गठबंधन से बाहर हो जाएंगे। अखिलेश यादव ने सिर्फ बसपा की ही गारंटी मांगी, जबकि नीतीश कुमार या जयंत चौधरी की गारंटी नहीं मांगी। विश्वनाथ पाल ने सपा पर दलित विरोधी होने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बहन मायावती ने भदोही का नाम भीम नगर रखा था, जिसे सपा ने बदलकर चंबल कर दिया। इसी तरह कांशीराम नगर का नाम बदलकर कासगंज कर दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बसपा ने कभी भाजपा की सरकार नहीं बनाई, बल्कि मायावती ने एक वोट से भाजपा के प्रधानमंत्री की कुर्सी गिराने का काम किया था।

# बिजली के खंभे से टकराई बाइक, एक की मौत

- बांदा में दूसरा घायल, गांव जाते समय हुआ हादसा; पुलिस जांच में जुटी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बांदा, जिले के जलालपुर मोड़ पर सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। बरहेटा गांव का दिलीप (19) और सिसोलर गांव का विमल अनुरागी (23)




बाइक से अमलीकौर गांव जा रहे थे। जलालपुर मोड़ पर उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। बाइक सड़क किनारे खंती में जा गिरी। पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने दिलीप कुमार निषाद को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल विमल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

# अग्निकांड पीड़ित परिवारों को मिला दो माह का राशन

**अमेठी में जिपं अध्यक्ष ने दी सहायता, दो दिन पहले राख हो गए थे 18 घर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे रामदत्त मिश्र मजरे बैसड़ा की दलित बस्ती में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में 18 घर जलकर राख हो गए। घरों के साथ गृहस्थी का सारा सामान भी जल गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला तुरंत मौके पर पहुंचे।

उन्होंने पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत दी। प्रत्येक परिवार को दो महीने का राशन दिया गया। इसमें आटा, चावल, दाल और मसाले जैसी जरूरी खाद्य सामग्री शामिल थी। जिला पंचायत अध्यक्ष ने पीड़ितों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की। उन्होंने जिलाधिकारी निशा अनंत से फोन पर बात की। जिलाधिकारी ने पात्र परिवारों को जल्द आवास उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जिला



पंचायत सदस्य जगन्नाथ पांडे, जयप्रकाश तिवारी और रोहित पांडे समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। राहत सामग्री पाने वाले पीड़ित परिवारों में अर्जुन, ओम प्रकाश, देवराज, राहुल, कुंवर बहादुर, कुंवर चंद्र, लवकुश, राम लखन, त्रिवेणी, राजेंद्र, शत्रुघ्न, रामपाल, राम टहल, रामशेर, शमशेर, राजेश, विजय पाल और राम अवतार शामिल थे।

# कर्मचारियों के पीएफ में 4.92 करोड़ का घोटाला

## आजमगढ़ के जॉइंट डायरेक्टर सहित 55 पर मुकदमा, रिटायर्ड कर्मचारी ने की शिकायत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

आजमगढ़, बेसिक शिक्षा विभाग में कर्मचारियों के प्रॉविडेंट फंड (पीएफ) के घोटाले में 55 अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। इसमें यहां तैनात रह चुके 11 बीएसए और 34 बीईओ और एक दर्जन कर्मचारी शामिल हैं। वर्तमान बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राकेश सिंह ने बन्नादेवी थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। एक रिटायर्ड कर्मचारी की शिकायत पर जांच के बाद यह कार्रवाई की गई। जिसमें पाया गया कि विभाग में कर्मचारियों के 4.92 करोड़ रुपए पीएफ में न जमाकर घोटाला किया गया है। इसकी रिपोर्ट शासन को भी भेजी गई थी। अलीगढ़ के टप्पल ब्लाक के रिटायर शिक्षक जगदीश प्रसाद ने कर्मचारियों के पीएफ में




गड़बड़ी की शिकायत की थी। इसके बाद तत्कालीन डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट विनीत कुमार और वरिष्ठ कोषाधिकारी से मामले की जांच कराई थी। इसमें कई अभिलेख गायब मिले और दस्तावेज में भी गड़बड़ियां थीं। शासन के आदेश के बाद तत्कालीन एडी बेसिक डॉ इंद्र प्रकाश सिंह सोलंकी और वित्त एवं लेखाधिकारी प्रशांत कुमार ने मामले की जांच की। जिसमें सामने आया कि 2003 से 2013 तक अलीगढ़ में तैनात रहे अधिकारियों ने बड़ी गड़बड़ियां और घोटाले किए हैं। कर्मचारियों की पीएफ राशि उनके खातों में भेजी ही नहीं गई। इसकी रिपोर्ट 7 जनवरी 2022 को शासन को भेजी गई थी। जिसमें 4.92 करोड़ रुपए की गड़बड़ी की बात थी। बीएसए डॉ राकेश सिंह ने तहरीर देकर 2003 से 2013 तक अलीगढ़ जिले में कार्यरत रहे 11 बेसिक शिक्षा अधिकारी, 34 ब्लाक शिक्षा अधिकारी, 10 वित्त एवं लेखा अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अलीगढ़ में 2003 से 2013 तक दिनेश सिंह अब आजमगढ़ में ज्वाइंट डायरेक्टर, पुष्पा सिंह, अलताफ अंसारी, मनोज कुमार, डा. मुकेश कुमार सिंह, एमपी सिंह, डा. महेंद्र प्रताप सिंह, एसपी यादव, संजय शुक्ला, धीरेंद्र कुमार यादव बतौर बीएसए तैनात रहे।

# तालाब से अवैध खनन, ग्रामीणों ने किया विरोध

**35 फीट गहरा गड्ढा खोदा, दिन-रात निकाली जा रही मिट्टी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी तहसील, अमेठी के कोतवाली क्षेत्र में बरियापुर और चचकापुर गांव के तालाब पर अवैध खनन का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासियों ने इसका विरोध करते हुए जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की है। दोनों गांवों में पोकलैंड मशीन से दिन-रात तालाब की खुदाई की जा रही है। डंपरों से निकाली गई मिट्टी को रिंग रोड निर्माण में इस्तेमाल किया जा रहा है। तालाब में लगभग 35 फीट गहरा खनन किया गया है। इससे



लाखों रुपये की सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। खनन के कारण बने गहरे गड्ढे में चार मवेशी गिर गए। ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से उन्हें बाहर निकाला। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना किसी अनुमति के चल रहे इस खनन से क्षेत्र का पर्यावरण और जल संसाधन प्रभावित हो रहे हैं। बरियापुर के हैदर, सुदर्शन वनवासी, उषा और उमादेवी सहित अन्य ग्रामीणों ने चेतावनी दी है। उनका कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे तहसील स्तर पर प्रदर्शन करेंगे। दुष्यंत कुमार खनन निरीक्षक ने बताया कि खनन की कोई परमिशन नही ली गई है अभी आवेदन किया गया है बिना परमिशन खनन किया जाना गलत है मैं स्थल पर गया था खनन हुआ है खनन करने वालो पर कार्रवाई की जायेगी।

# ब्रह्मांड बिहारी मंदिर में फूलों की होली का आयोजन

**श्रद्धालुओं ने अबीर-गुलाल उड़ाया, रसिया गायन पर थिरके भक्त**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, मथुरा के महावन में यमुना किनारे स्थित ब्रह्मांड घाट पर ब्रह्मांड बिहारी मंदिर में होली का विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने फूलों की होली का आनंद लिया।



कार्यक्रम की शुरूआत सुबह ब्रह्मांड बिहारी की आरती से हुई। दोपहर 12 बजे से मंदिर प्रांगण में रसिया गायन शुरू हुआ। ठाकुर जी को गर्भ गृह से बाहर लाया गया। मंदिर के सेवायत पुजारी राजू पंडित ने ठाकुर जी को पुष्प अर्पित किए। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिला। भक्त रसिया गायन की धुन पर थिरकते रहे। मंदिर परिसर में अबीर-गुलाल की रंगीन छटा बिखर गई। कार्यक्रम में मंदिर के महंत रामशरण दास महाराज, परमेश्वर दास महाराज, सेवायत पुजारी राजू, पवन कुमार, जयवीन्दर सिंह और मनोज शर्मा सहित कई भक्त मौजूद रहे।

# फैक्ट्री से 1004 बोरी सीमेंट चोरी, चार गिरफ्तार

**एक लाख 80 हजार रुपए कैश और ट्रक जब्त, फैक्ट्री में हुई थी वारदात**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, थाना गौरीगंज पुलिस ने सीमेंट चोरी के एक बड़े मामले का पदार्फाश किया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1004 बोरी एसीसी सीमेंट बरामद की है। इसके अलावा एक लाख 80 हजार रुपए नकद और एक ट्रक भी जब्त किया गया है। बरामद सीमेंट की कीमत करीब 6 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है। गौरीगंज थाने के सब इंस्पेक्टर महेंद्र सरोज को गश्त के दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति मिले। पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान



सत्यम पाल और मजीबुल्ला के रूप में बताई। सत्यम एसीसी सीमेंट फैक्ट्री में सीडीएस कार्यालय का ऑपरेटर है। मजीबुल्ला आरके लक्ष्मी ट्रांसपोर्ट का ट्रक चालक है। दोनों के पास से 40-40 हजार रुपए बरामद हुए। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने संदीप तिवारी उर्फ कुलदीप और सलमान के पास से 265 बोरी सीमेंट और एक लाख रुपए बरामद किए। अयोध्या के बाबाबाजार थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव स्थित जीत ट्रेडर्स की दुकान से 739 बोरी सीमेंट भी मिली। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे फैक्ट्री के अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करते थे। ट्रक में सीमेंट की बोरियां बिना वजन कराए फैक्ट्री से बाहर ले जाते थे। फिर सुनसान जगह पर उतारकर ट्रक को वापस फैक्ट्री में लगा देते थे। चोरी का सीमेंट बेचकर पैसे आपस में बांट लेते थे।

गिरफ्तार आरोपियों में सत्यम


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।